www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

**मौसम**
अधिकतम तापमान 35.c
28.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 95.770g
चांदी 78.800kg

2 इतिहास के घाव कुरेदने के खतरे, भारत को उदार दृष्टिकोण अपनाना ही उचित होगा
पुराने विवाद में युवक को मारी थी गोली 04

वर्ष :08 | अंक :297 | मुंबई ,शनिवार , 19 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### भाभी से पड़ोसी के रिश्ते पर ऐतराज जताने पर युवक की हत्या

राजस्थान के कोटा में एक युवक की कथित तौर पर पीट–पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया युवक ने अपनी भाभी के पड़ोस में रहने वाले आरोपी युवक के साथ रिश्ते पर ऐतराज जताया था। पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय युवक भंवरलाल भील उर्फ भोला का खून से सना शव बृहस्पतिवार को कोटा के डोलिया गांव में एक सुनसान जगह से बरामद किया गया। भोला अपनी भाभी के साथ रहता था जिसका पति फिलहाल जेल में है। रानपुर थाने के क्षेत्राधिकारी रामविलास ने बताया कि महिला के अपने पड़ोस में रहने वाले हेमराज भील के साथ कथित तौर पर अवैध संबंध थे। हेमराज पर ही अपने साथी बबलू भील की मदद से भंवरलाल की हत्या करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि भंवरलाल को कुछ सप्ताह पहले ही इस संबंध की भनक लगी और उसने दोनों से इसे खत्म करने को कहा। भंवरलाल ने बृहस्पतिवार को हेमराज को देखा और उसे अपनी भाभी से फिर से दूर रहने को कहा।

### हैदराबाद में महिला ने दो बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या की

हैदराबाद में एक महिला ने नारियल काटने वाले चाकू से अपने दो बेटों की कथित तौर पर हत्या करने के बाद अपने अपार्टमेंट से कूदकर आत्महत्या कर ली। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम इमारत से कूदने के बाद महिला (35) की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला का बड़ा बेटा (11) मृत पाया गया जबकि छोटा बेटा (9) गंभीर रूप से घायल था और उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला द्वारा लिखे गए सात पन्नों के सुसाइड नोट से पता चलता है कि वह भावनात्मक रूप से परेशान थी और अपने पति से नाराज थी। उन्होंने यह भी बताया कि महिला और दोनों बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें थीं।

# गीता और नाट्यशास्त्र यूनेस्को ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल

## पीएम मोदी बोले- हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण

**भारतीय को बधाई**

अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि दुनिया भारत के ज्ञान को संजोकर रखती है। गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में शामिल किए जाने के भव्य अवसर पर प्रत्येक भारतीय को बधाई। ये शास्त्र भारत के प्राचीन ज्ञान को दर्शाते हैं, जिसने अनादि काल से मानवता को दुनिया को बेहतर बनाने और जीवन को अधिक सुंदर बनाने का प्रकाश दिखाया है।




**कालातीत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति का पोषण**

भगवद गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर में शामिल किए जाने पर पीएम मोदी ने खुशी जताते हुए पर लिखा कि भगवद गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल करना, 'हमारी कालातीत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता' है। यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्मग्रंथों ने सदियों से सभ्यता और चेतना को पोषित करने का काम किया है।



**भारत की सभ्यतागत विरासत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण**

इससे पहले केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत की सभ्यतागत विरासत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण। श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि का नाट्यशास्त्र अब यूनेस्को के ह्यमेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया हैं। यह वैश्विक सम्मान भारत की शाश्वत बुद्धिमत्ता और कलात्मक प्रतिभा का जश्न मनाता है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में अंकित किया गया है। यह एक वैश्विक पहल है जो उत्कृष्ट मूल्य की दस्तावेजी विरासत को संरक्षित करती है। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि दुनिया भर में हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण है ! यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल किया जाना हमारी शाश्वत बुद्धिमत्ता और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है। अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि दुनिया भारत के ज्ञान को संजोकर रखती है। गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में शामिल किए जाने के भव्य अवसर पर प्रत्येक भारतीय को बधाई। ये शास्त्र भारत के प्राचीन ज्ञान को दर्शाते हैं, जिसने अनादि काल से मानवता को दुनिया को बेहतर बनाने और जीवन को अधिक सुंदर बनाने का प्रकाश दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपने सांस्कृतिक ज्ञान को वैश्विक कल्याण के केंद्र में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं।

# उपराष्ट्रपति आज कोर्ट के फैसले पर सवाल उठा रहे , जब एक जज ने इंदिरा गांधी को अयोग्य कर दिया था : सिब्बल

## वो फैसला उन्हें स्वीकार था



सिब्बल ने कहा, लोगों को याद होगा कि जब इंदिरा गांधी के चुनाव के बारे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था, तो केवल एक जस्टिस कृष्ण अय्यर ने फैसला सुनाया था। इंदिरा को सांसद के पद से हटा दिया गया था। तब धनखड़ जी को यह मंजूर था, लेकिन अब सरकार के खिलाफ दो जजों की बेंच के फैसले पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

एजेंसी

नई दिल्ली, राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जज राष्ट्रपति को सलाह ना दें बयान पर आपत्ति जताई। सिब्बल ने कहा, भारत में राष्ट्रपति नाममात्र का मुखिया होता है। राष्ट्रपति और राज्यपाल को सरकारों की सलाह पर काम करना होता है। मैं उपराष्ट्रपति धनखड़ की बात सुनकर हैरान हूं। काफी दुखी भी हूं। उन्हें किसी पार्टी की तरफदारी करने वाली बात नहीं करनी चाहिए। दरअसल, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की उस सलाह पर आपत्ति जताई, जिसमें उसने राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय की थी। धनखड़ ने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत कोर्ट को मिला विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24/7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं। सिब्बल बोले- देश को न्यायपालिका पर भरोसा सिब्बल ने कहा- आज के समय में अगर किसी संस्था पर पूरे देश में भरोसा किया जाता है, तो वह न्यायपालिका है।

# सुप्रीम कोर्ट ने नासिक दरगाह को गिराने के नोटिस पर लगाई रोक, हाईकोर्ट से रिपोर्ट मांगी

## न्यायालय की सुनवाई से कुछ घंटे पहले नगर निकाय के कर्मियों ने इस

पीठ ने आदेश दिया, इस बीच, जैसा कि अनुरोध किया गया है, प्रतिवादी संख्या एक–नासिक नगर निगम द्वारा जारी एक अप्रैल 2025 के नोटिस पर रोक रहेगी। पीठ ने मामले की सुनवाई 21 अप्रैल के लिए स्थगित कर दी।



एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हजरत सातपीर सैयद बाबा दरगाह को ढहाने संबंधी नासिक नगर निकाय के नोटिस पर अंतरिम रोक लगा दी है और दरगाह की याचिका को सूचीबद्ध न करने पर बंबई उच्च न्यायालय से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों ने बताया कि न्यायालय की सुनवाई से कुछ घंटे पहले नगर निकाय के कर्मियों ने इस ढांचे को गिरा दिया था। नासिक के काठे गली में स्थित दरगाह के खिलाफ नगर निकाय की कार्रवाई कथित तौर पर 15 और 16 अप्रैल की मध्यरात्रि में की गई थी। न्यायालय में सुनवाई 16 अप्रैल को हुई। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की पीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि याचिका सात अप्रैल को उच्च न्यायालय के समक्ष दायर की गई थी, लेकिन उस पर सुनवाई नहीं हुई। पीठ ने आदेश दिया, इस बीच, जैसा कि अनुरोध किया गया है, प्रतिवादी संख्या एक-नासिक नगर निगम द्वारा जारी एक अप्रैल 2025 के नोटिस पर रोक रहेगी। पीठ ने मामले की सुनवाई 21 अप्रैल के लिए स्थगित कर दी। दरगाह प्रबंधन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन पाहवा ने दावा किया कि तमाम प्रयासों के बावजूद मामला उच्च न्यायालय में सूचीबद्ध नहीं किया गया, जिसके बाद उच्चतम न्यायालय ने यह असाधारण कदम उठाया।

# 'ये गुंडागर्दी नहीं चलेगी', अवैध ढाबे और मीट की दुकानों पर फूटा मंत्री मनजिंदर सिरसा का गुस्सा

## सिरसा ने इलाके में 'आवश्यकता से अधिक' मीट की दुकानों पर चिंता जताई

सिरसा ने आगे कहा कि मैंने प्रशासन को आदेश दिया है कि अगले 24 घंटे में सभी अवैध काम बंद कर दिए जाएं और मीट की दुकानें बंद कर दी जाएं। हर जगह मीट बिक रहा है। ये गुंडागर्दी नहीं चलेगी।



एजेंसी

दिल्ली के राजौरी गार्डन में दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिरसा के आदेश के बाद कई अवैध मीट की दुकानें बंद कर दी गईं। कार्रवाई के बाद गली नंबर 5 में तनावपूर्ण माहौल देखा गया, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अनुमान लगाया कि सरकार कोई कार्रवाई कर सकती है। उन्होंने मीट की दुकानें बंद होने पर निराशा व्यक्त की। सिरसा ने इलाके में 'आवश्यकता से अधिक' मीट की दुकानों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बहुत ज्यादा अवैध काम हो रहा है। जगह-जगह मीट के ढाबे खुल गए हैं। खुलेआम मीट बिक रहा है, खुले तंदूर हैं। सिरसा ने आगे कहा कि मैंने प्रशासन को आदेश दिया है कि अगले 24 घंटे में सभी अवैध काम बंद कर दिए जाएं और मीट की दुकानें बंद कर दी जाएं। हर जगह मीट बिक रहा है। ये गुंडागर्दी नहीं चलेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रिहायशी इलाकों में मीट की दुकानें बनाकर लोगों को घर बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ये दुकानें बंद होंगी। दिल्ली के मंत्री सिरसा ने आरोप लगाया कि ये मीट की दुकानें स्थानीय निवासियों को अपने घर देखने और इलाका छोड़ने के लिए मजबूर करने की एक 'रणनीति' हैं। उन्होंने कहा कि वे रिहायशी इलाकों में मीट की दुकानें खोलकर लोगों को छोड़ने के लिए मजबूर कर रहे हैं। वे लोगों को अपने घर बेचने और इलाका छोड़ने के लिए मजबूर कर रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं है; यह जानबूझकर किया जा रहा है। कुछ इलाकों में, 30 से ज्यादा नॉन-वेज की दुकानें हैं, जिससे निवासियों के पास वहाँ से निकलने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। लेकिन हम इसे जारी नहीं रहने देंगे। सभी अवैध मीट की दुकानों को सील कर दिया जाएगा, उनके बिजली के मीटर काट दिए जाएँगे और उन इमारतों में कोई नया कनेक्शन नहीं दिया जाएगा।

# राहुल ने कर्नाटक के सीएम को लिखा पत्र

**वेमुला एक्ट नाम लागू करने मांग की**

कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर ने दिखाया था कि शिक्षा ही वह साधन है जिससे वंचित भी सशक्त बन कर जातिभेद को तोड़ सकते हैं। लेकिन यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दशकों बाद भी लाखों छात्र हमारी शिक्षा व्यवस्था में जातिगत भेदभाव का सामना कर रहे ?हैं।



एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर राज्य सरकार से रोहित वेमुला एक्ट नाम से एक कानून बनाने का आग्रह किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिक्षा प्रणाली में किसी को भी जाति-आधारित भेदभाव का सामना न करना पड़े। कर्नाटक के सीएम को लिखे अपने पत्र में गांधी ने बीआर अंबेडकर के साथ उनके जीवनकाल में हुए भेदभाव को उजागर किया। राहुल ने एक्स पर लिखा कि हाल ही में संसद में मेरी मुलाकात दलित, आदिवासी और डइउ समुदाय के छात्रों और शिक्षकों से हुई थी। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें किस तरह कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति के आधार पर भेदभाव झेलना पड़ता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर ने दिखाया था कि शिक्षा ही वह साधन है जिससे वंचित भी सशक्त बन कर जातिभेद को तोड़ सकते हैं। लेकिन यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दशकों बाद भी लाखों छात्र हमारी शिक्षा व्यवस्था में जातिगत भेदभाव का सामना कर रहे ?हैं।

# 'मुसलमान धैर्य दिखा रहे हैं . . .'

## वक्फ विरोध के बीच झारखंड के मंत्री की चेतावनी, भाजपा ने बताया सीरियल अपराधी

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने झामुमो को संविधान का विध्वंसक करार देते हुए मंत्री को तत्काल राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की। भाजपा नेता ने कहा कि हाफिजुल हसन एक सीरियल अपराधी है। एक सप्ताह पहले उसने कहा था कि उसके लिए शरिया संविधान से ऊपर है।




एजेंसी

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और राज्य मंत्री हफीजुल हसन ने शुक्रवार को एक चेतावनी जारी करके विवाद खड़ा कर दिया कि अगर उकसाया गया तो मुसलमान सड़कों पर उतर सकते हैं और हिंसा का सहारा ले सकते हैं। उन्होंने यह बयान संशोधित वक्फ अधिनियम के संदर्भ में दिया। तीखे पलटवार में, भाजपा ने मंत्री की भड़काऊ टिप्पणी की कड़ी निंदा की और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली पार्टी पर संविधान को नष्ट करने का आरोप लगाया। भगवा पार्टी ने झामुमो नेता को सीरियल अपराधी भी कहा।

मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा, मुसलमान धैर्य दिखा रहे हैं, लेकिन अगर उन्हें परेशान किया गया तो हम सड़कों पर उतर आएंगे और हिंसा भड़केगी - अराजकता फैल जाएगी। इससे पहले हसन ने यह कहकर एक और राजनीतिक विवाद को हवा दे दी थी कि मुसलमानों के लिए शरीयत पहले आती है और फिर देश का संविधान। झारखंड भाजपा द्वारा शेयर की गई एक क्लिप में उन्होंने एक समाचार चैनल से कहा, ?शरीयत हमारे लिए बड़ी है। हम कुरान सीने में रखते हैं और हाथ में संविधान। इस्लाम में शरीयत को पहले पकड़ेंगे फिर संविधान को। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने झामुमो को संविधान का विध्वंसक करार देते हुए मंत्री को तत्काल राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की। भाजपा नेता ने कहा, 'हाफिजुल हसन एक सीरियल अपराधी है।

# सुकमा में सुरक्षा बलों के सामने 22 नक्सलियों ने किया सरेंडर, नौ महिलाएं भी शामिल

डीआईजी (सीआरपीएफ) आनंद सिंह राजपुरोहित ने कहा कि नौ महिला नक्सलियों समेत 22 नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से दो नक्सलियों पर 8 लाख रुपये का इनाम है, जबकि दो अन्य पर 5-5 लाख रुपये का इनाम है।




एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा में नौ महिला नक्सलियों समेत 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। डीआईजी (सीआरपीएफ) आनंद सिंह राजपुरोहित ने कहा कि नौ महिला नक्सलियों समेत 22 नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से दो नक्सलियों पर 8 लाख रुपये का इनाम है, जबकि दो अन्य पर 5-5 लाख रुपये का इनाम है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इलाके में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है और कैंप बनाए जा रहे हैं, साथ ही सरकार की पुनर्वास नीतियों से प्रभावित होकर नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। राजपुरोहित ने कहा कि हमें उम्मीद है कि आज आत्मसमर्पण करने वाले सभी लोग मुख्यधारा में शामिल होकर समाज के लिए बेहतर काम करेंगे। आत्मसमर्पण करने वाले 22 नक्सलियों में पांच–पांच लाख रुपए के इनामी किकिड़ देवे (30) और मनोज उर्फ दूधी बुधरा (28) तथा दो–दो लाख रुपए के इनामी माड़वी भीमा (30), माड़वी सोमड़ी (48), संगीता (24), माड़वी कोसी (24), वंजाम सन्नी (24), माड़वी मंगली (35) और ताती बंडी (35) शामिल हैं।

**मुलाकात** मुर्शिदाबाद हिंसा पीड़ितों से मुलाकात के बाद बोलीं एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष विजया रहाटकर

# महिलाओं को बहुत कष्ट सहना पड़ा है



विजया रहाटकर ने कहा कि हम उनकी सुरक्षा के लिए तब तक काम करेंगे जब तक उन्हें यह नहीं मिल जाता। हम इन सभी महिलाओं के लिए बहुत चिंतित हैं, और हम चाहते हैं कि उन्हें उचित आश्रय मिले। एनसीडब्ल्यू ने इस पर संज्ञान लिया है और हमने एक जांच समिति गठित की है। मैं भी जांच समिति का हिस्सा हूं। अगले तीन दिनों में हम इन (हिंसा प्रभावित) इलाकों में जाएंगे।

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मालदा जिले के एक आश्रय गृह में मुर्शिदाबाद हिंसा से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मैंने शिविर में महिलाओं और बच्चों से मुलाकात की और उन्होंने मेरे साथ अपने अनुभव साझा किए। महिलाओं को बहुत कष्ट सहना पड़ा है, उनके घर जला दिए गए, उन्हें बलपूर्वक उनके घरों से निकाल दिया गया, उनके साथ यौन उत्पीड़न भी किया गया। उन्होने आगे कहा कि महिलाओं के प्रति सभी को संवेदनशील होना चाहिए और यह संवेदनशीलता ही महिलाओं को न्याय दिला सकती है। इस तरह की स्थिति तब पैदा होती है जब संवेदनशीलता का अभाव होता है। विजया रहाटकर ने कहा कि हम उनकी सुरक्षा के लिए तब तक काम करेंगे जब तक उन्हें यह नहीं मिल जाता। हम इन सभी महिलाओं के लिए बहुत चिंतित हैं, और हम चाहते हैं कि उन्हें उचित आश्रय मिले। हम पीड़ित महिलाओं से बात करेंगे, हम उनके साथ चर्चा करेंगे। वहीं, बंगाल रवाना होने से पहले उन्होंने कहा था कि यहां भड़की सांप्रदायिक हिंसा के बाद यहां की महिलाएं बहुत डरी हुई हैं। एनसीडब्ल्यू ने इस पर संज्ञान लिया है और हमने एक जांच समिति गठित की है। मैं भी जांच समिति का हिस्सा हूं। अगले तीन दिनों में हम इन (हिंसा प्रभावित) इलाकों में जाएंगे। हम मालदा और मुर्शिदाबाद जाएंगे। हम वहां पीड़ित महिलाओं से मिलेंगे और उनसे बातचीत करेंगे। एनएचआरसी ने हाल में मुर्शिदाबाद में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में भड़की हिंसा का स्वतः संज्ञान लिया था। एनएचआरसी सदस्यों ने मालदा के पार लालपुर हाई स्कूल में शिविर में रह रहे प्रभावित परिवारों के सदस्यों से बात की। हिंसा का स्वतः संज्ञान लेने वाले आयोग ने कहा कि उसने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक तथ्यान्वेषी दल भेजने का फैसला किया है और तीन सप्ताह के भीतर एक विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी है। रहाटकर ने कहा कि हिंसा के कारण सैकड़ों महिलाएं अपना घर छोड़ने को मजबूर हो गईं और इनमें से कई महिलाओं ने भागीरथी नदी पार कर पड़ोसी मालदा जिले में शरण ली। एनसीडब्ल्यू प्रमुख ने कहा कि वह स्थानीय पीड़ितों एवं उनके परिवारों से बातचीत करेंगी और मुर्शिदाबाद एवं मालदा के जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगी। वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ 11 और 12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद के सुती, धुलियान और जंगीपुर सहित अन्य इलाकों में हिंसा भड़क उठी थी।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला संवाद अभियान शुरू किया



महिला संवाद अभियान के तहत सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यह अभियान काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

एजेंसी

बिहार। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कल्याणकारी उपायों की उन्हें जानकारी देने के लिए शुक्रवार को महिला संवाद अभियान की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने यहां 1, अणे मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास से सभी जिलों के लिए महिला संवाद जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ये वाहन सभी जिलों में जाएंगे और महिलाओं के लिए सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाएंगे तथा संवाद की सुविधा प्रदान करेंगे। बयान में कहा गया है, इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना और उन्हें उन संसाधनों एवं अवसरों से जोड़ना है जो राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को मुहैया कराये जा रहे हैं। कार्यक्रम में, महिलाओं को संबोधित मुख्यमंत्री द्वारा लिखा गया पत्र भी जारी किया गया। संवाद के दौरान प्राप्त होने वाली समस्याओं का विभिन्न स्तरों पर त्वरित समाधान किया जाएगा।

इससे सरकार को महिलाओं के लिए नीतियां एवं योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी।

## सम्पादकीय

# उपराष्ट्रपति की आपत्ति, जगदीप धनखड़ की यह कठोर टिप्पणी और गर्माएगी

राज्यपाल को गुण-दोष के आधार पर विधेयकों पर या तो खुद फैसला लेना चाहिए या फिर उन्हें राष्ट्रपति के पास भेजना चाहिए। विधेयक दबाकर बैठने का अर्थ है राज्य सरकार के शासन करने के अधिकार और जनता के हितों की अनदेखी करना। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर उपराष्ट्रपति की आपत्ति का अपना आधार हो सकता है लेकिन यह भी तो ठीक नहीं कि राज्यपाल विधेयकों पर फैसला ही न लें ।तमिलनाडु के राज्यपाल की ओर से विधानसभा से पारित विधेयकों को रोकने पर सुप्रीम कोर्ट के हाल के फैसले ने जो बहस शुरू की थी, उसे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की यह कठोर टिप्पणी और गर्माएगी कि न्यायपालिका सुपर संसद बनने की कोशिश न करे ।चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों को विधेयकों पर तीन माह में फैसला लेने का आदेश देते हुए यह भी कहा था कि यदि राज्यपाल किसी विधेयक को असंवैधानिक मानते हुए राष्ट्रपति के पास भेजें तो वह उनसे राय लें, इसलिए यह सवाल उठा कि क्या उसे ऐसा आदेश देने का अधिकार है ? यह सवाल इसलिए और भी उठा, क्योंकि फैसला सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने दिया, न कि संवैधानिक पीठ ने ।इस सवाल के बीच ऐसे संकेत दिए गए कि सरकार इस फैसले की समीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट जा सकती है। वह सुप्रीम कोर्ट जाए या नहीं, यह प्रश्न अपनी जगह खड़ा रहेगा कि क्या सुप्रीम कोर्ट राज्यपालों को विधेयकों पर फैसला लेने के लिए समयसीमा में बांधते हुए राष्ट्रपति को भी आदेश दे सकता है ?इस प्रश्न के बीच इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि यह आदर्श स्थिति नहीं कि राज्यपाल विधेयकों पर कोई फैसला लिए बिना उन्हें लंबे समय तक दबाए रखें। यह सामान्य बात नहीं कि तमिलनाडु के राज्यपाल करीब एक दर्जन विधेयकों को रोके हुए थे। इनमें से कुछ वर्षों पहले पारित किए गए थे। ऐसा नहीं होना चाहिए था ।राज्यपाल को गुण-दोष के आधार पर विधेयकों पर या तो खुद फैसला लेना चाहिए या फिर उन्हें राष्ट्रपति के पास भेजना चाहिए। विधेयक दबाकर बैठने का अर्थ है, राज्य सरकार के शासन करने के अधिकार और जनता के हितों की अनदेखी करना। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर उपराष्ट्रपति की आपत्ति का अपना आधार हो सकता है, लेकिन यह भी तो ठीक नहीं कि राज्यपाल विधेयकों पर फैसला ही न लें ।महत्वपूर्ण और राज्यपाल सरीखे संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों से यही अपेक्षित होता है कि वे समय पर फैसला लें। जब ऐसा नहीं होता, तभी सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करने का अवसर मिलता है, लेकिन यह भी नहीं होना चाहिए कि वह हस्तक्षेप के नाम पर अपने अधिकारों से बाहर जाता दिखे। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों के साथ राष्ट्रपति को ही समयसीमा में नहीं बांधा, बल्कि तमिलनाडु के उन विधेयकों को मंजूरी भी दे दी।

## आज का विचार







**मेष राशि:** पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे. अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें. भविष्य के लिए बनाई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं. अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद भी मिलेगी.

**वृषभ राशि:** व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा. निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके मिल सकते हैं. नए विचार आपके सामने आते रहेंगे. आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है. कल आप पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें.

**मिथुन राशि:** आपका दिन खुशियों भरा रहेगा. आपका मन नए काम करने में लगेगा. बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं. अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें.

**कर्क राशि:** दिन ठीक-ठाक रहने वाला है. अपनी सोच को सकारात्मक रखें. आप जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं. इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं. कल ऑफिस में पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगे. कल रूठे हुए साथी को मनाने के लिए उसे मनपसंद गिफ्ट दे सकते हैं.

**सिंह राशि:** दिन अच्छा रहेगा, जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा. बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा. वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें. अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व भी हो जाएगी. आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा, ड्राई फूड खाएं

**कन्या राशि:** आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकाल कर प्रकृति का आनंद लें. आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीजों के मोलभाव पर लाभ होगा. अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी कल का दिन अच्छा है. आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा.

**तुला राशि:** मन में नए-नए विचार आएंगे. आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे. आपके बनाए प्लान में कोई बदलाव हो सकता है. बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी. दिल की बजाए दिमाग से काम लें. व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज से छुटकारा मिलेगा.

**वृश्चिक राशि:** प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा. बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी. धन लाभ का योग बन रहा है. समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान होगा. शत्रु आपको हराने का प्रयास करेंगे, लेकिन आपके सम्मुख ठहर नहीं सकेंगे.

**धनु राशि:** आपका रुझान अध्यात्मक की तरफ ज्यादा रहेगा. आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं. राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी. कल पड़ोसियों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा. शिक्षा प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलेगी. साइंस से जुड़े छात्रों के लिए कल का दिन अच्छा है.

**मकर राशि:** कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे. आपकी सैलरी में बढ़ोतरी भी हो सकती है, जिससे आपका कल का दिन अच्छा रहेगा. अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें. छात्रों के लिए भी कल का दिन अनुकूल रहने वाला है. आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा.

**कुंभ राशि:** दिन आपके लिए उत्तम रहेगा. कल सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे. कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी. कल आपकी मुलाकात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है. पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से वातालीप हो सकती है.

**मीन राशि:** दिन आपके लिए उत्साहपूर्वक रहेगा. कोई भी शुभ कार्य करेंगे और साथ ही मांगलिक कार्य भी करेंगे. संतान के करियर के लिए मन में चिंताएं बनी रहेंगी. दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुफ्त उठा सकते हैं. पूरा दिन इंज्वाय से भरा रहेगा. सरकारी ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं. हो सकता है

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# इतिहास के घाव कुरेदने के खतरे, भारत को उदार दृष्टिकोण अपनाना ही उचित होगा

> सुधार भी एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और चूंकि हिंदू समुदाय भारतीय जनता में सबसे बड़ा है इसलिए उसकी जिम्मेदारी कहीं ज्यादा बनती है कि वह सुधारों के माध्यम से ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करे कि उसके सिद्धांतों एवं व्यवहार में कोई फर्क नहीं। स्पष्ट है कि हमें पीछे मुड़कर नहीं बल्कि आगे बढ़कर सोचना होगा। इसके लिए न केवल हिंदुओं बल्कि समग्र भारत को उदार दृष्टिकोण अपनाना ही उचित होगा।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों की गाड़ी परस्पर हितों के ईंधन से ही आगे बढ़ती है। वैश्विक परिदृश्य पर आकार ले रहे परिवर्तनों के अनुसार ही देशों को नए सिरे से अपनी नीतियों की दिशा मोड़नी पड़ती है, ताकि उनके हितों की पूर्ति होती रहे। यहां यह फिर से दोहराना सही होगा कि विश्व में कोई किसी का न स्थायी मित्र होता है और न स्थायी शत्रु। यहां केवल हित ही शाश्वत होते हैं ।भारत को भी इस वास्तविकता से दो-चार होना पड़ा है, जिसमें उसने आर्थिक-वाणिज्यिक एवं सामरिक मोर्चे पर उत्पन्न लहरों के भंवर में अपनी नैया पार लगाने के प्रयास किए हैं। हितों के विरोधाभास की झलक कई पहलुओं से मिल सकती है। जैसे डोनाल्ड ट्रंप अक्सर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना करीबी मित्र बताते रहते हैं, लेकिन टैरिफ लगाने को लेकर उन्होंने कोई संकोच भी नहीं किया। ऐसा ही मोदी और शी चिनफिंग के मामले में देखने को मिला जहां निजी संबंधों का तानाबाना सीमा पर तनाव भड़कने को नहीं रोक पाया ।इस समय आर्थिक-वाणिज्यिक एवं सामरिक मोर्चे पर उत्पन्न हुई चुनौतियां यही मांग करती हैं कि भारत अपनी पूरी ऊर्जा उनसे निपटने पर लगाए। इस उद्देश्य की पूर्ति में सामाजिक एकजुटता बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण होगा। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों एवं सियासी ताकतों की यह जिम्मेदारी हो जाती है कि वे ऐसा कुछ भी न करें, जो भिन्न-भिन्न समूहों के बीच सौहार्द बिगाड़े। फिर चाहे ऐसा विभाजन भाषा के आधार पर हो या क्षेत्र या फिर किसी और आधार पर ।इस



समय कुछ राजनीतिक धड़े मध्यकालीन इतिहास की परतें उघाड़ने में लगे हैं, जो हमारे हितों पर आघात कर सकता है। यह सत्य है कि मध्यकाल में आतंकी आक्रांताओं ने हिंदुओं के उपासना स्थलों को जिस प्रकार ध्वस्त किया, उसकी पीड़ा आज भी समुदाय के मन में गहरी टीस पैदा करती है। एक हिंदू होने के नाते मेरे भीतर भी इसे लेकर आक्रोश उपजता है, लेकिन एक भारतीय के रूप में मैं अपनी भावनाओं पर सदैव भारत के हितों को प्राथमिकता दूंगा। यह भावना मुझे अतीतजीवी बने रहने के बजाय वर्तमान एवं भविष्य पर दृष्टि केंद्रित करने को उन्मुख करती है ।स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े नेताओं ने भारत के हितों को देखते हुए अंग्रेजी राज में स्थापित प्रशासन व्यवस्था को ही जारी रखने का फैसला किया। अंग्रेजी राज में उत्पीड़न की कड़वी स्मृतियां भी उनका मानस नहीं बदल पाई। भारत की आजादी के लिए संघर्ष करने वाली महान विभूतियों में से एक सरदार वल्लभभाई पटेल भारत में स्थायित्व के लिए इस पर सहमत हुए कि अंग्रेजों की सेना, पुलिस, नौकरशाही और न्यायपालिका में सक्रिय लोगों की सेवा जारी रखी जाएगी ।पटेल ने उस धारणा को सिरे से खारिज किया कि स्वतंत्र भारत में ब्रिटिश शासन तंत्र के कोई चिह्न नहीं होने चाहिए। अपनी अप्रकाशित आत्मकथा में मेरे दादाजी कैलाश नाथ काटजू ने पटेल के हवाले से लिखा कि विगत 150 वर्षों में जबसे अंग्रेजों ने भारत पर शासन किया, तबसे राजनीतिक परिदृश्य पर ब्रिटिश विचारधारा ने पैठ बनाई है। ऐसे में पटेल ने संसदीय राजनीतिक प्रणाली में छेड़छाड़ के विचार को अस्वीकार्य किया। इसमें कोई संदेह नहीं कि उन्होंने और अन्य नेताओं ने कभी अंग्रेजों को उनके आतंक एवं उत्पीड़न के लिए कभी माफ किया होगा, लेकिन भारत के हितों के लिए उन्होंने इन भावों की उपेक्षा करना ही उचित समझा। भारतीय इतिहास के मध्यकालीन हिस्से को लेकर भी यही रवैया अपनाना आवश्यक है ।अतीत में तमाम भयंकर गलतियां हुई हैं, पर आज विकास एवं रणनीतिक संयोजन राष्ट्रीय एकजुटता की मांग करते हैं। इसके लिए पुराने घाव न कुरेदे जाएं ।इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि मध्यकालीन भारत में इस्लामी शासन के दौरान जहां कुछ व्यक्तियों एवं वर्गों ने इस्लामिक शासकों का विरोध किया, तो कुछ उनके सहयोगी भी बने। गैर-मुस्लिम भी मुसलमान बने ।इन मुद्दों पर जरूरत से ज्यादा ध्यान विवादों को आमंत्रण देता है ।बीते दिनों एक सांसद द्वारा हमारे एक महानायक राणा सांगा के मामले में ऐसा ही किया गया। सदाशिव राव भाऊ के नेतृत्व में पेशवा की सेना और अफगानी आक्रांता अहमद शाह अब्दाली के मामले में भी ऐसी आशंका उपज सकती है। इतिहास में लोगों के योगदान को अलग-अलग पहलुओं से कुरेदना हिंदुओं के बीच सामाजिक एकता को कमजोर कर सकता है। यदि कोई हिंदुओं को राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक रूप से जोड़ना चाहे तो अतीत के घाव कुरेदने से उसे मुश्किल पेश आ सकती है ।बीते दिनों एक पोडकास्ट में प्रधानमंत्री मोदी की बातों से आभास हुआ कि वह मुगलों को ब्रिटिश या अन्य यूरोपीय शक्तियों की भांति औपनिवेशिक मानसिकता वाला मानते हैं। यह एक तथ्य है कि जैसे अंग्रेजों के साथ कुछ भारतीयों की मिलीभगत रही, वैसे ही कुछ गैर-मुस्लिमों ने भी मुगलों का साथ दिया। वे उनकी सेना और प्रशासन में उच्च पदों पर रहे। कुछ के साथ वैवाहिक गठजोड़ भी हुआ। जब हम महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी को महानायक के रूप में मान्यता देते हैं तो मुगलों के साथ पींगे बढ़ाने वालों को किस दृष्टि से देखना चाहिए? चूंकि ऐसा करने वालों के वंशज आज भी हैं, इसलिए बेहतर यही है कि कोई भी राजनीतिक धड़ा मध्यकालीन इतिहास के अध्याय को दोबारा न खोले। हालांकि इसका यह अर्थ न निकालें कि भारतीय राज्य विभिन्न वर्गों की परंपराओं में सुधार के लिए प्रयास न करे। हिंदू समाज में भले ही तमाम सामाजिक विसंगतियां हों, पर धार्मिक फूट के दरवाजे तो सदियों पहले ही बंद हो चुके हैं। जबकि अन्य पंथों-मजहबों में ऐसा नहीं ।सामाजिक सुधारों की गुंजाइश सदैव विद्यमान रहती है। सुधार भी एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और चूंकि हिंदू समुदाय भारतीय जनता में सबसे बड़ा है, इसलिए उसकी जिम्मेदारी कहीं ज्यादा बनती है कि वह सुधारों के माध्यम से ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करे कि उसके सिद्धांतों एवं व्यवहार में कोई फर्क नहीं। स्पष्ट है कि हमें पीछे मुड़कर नहीं, बल्कि आगे बढ़कर सोचना होगा। इसके लिए न केवल हिंदुओं, बल्कि समग्र भारत को उदार दृष्टिकोण अपनाना ही उचित होगा।

# टैरिफ-महासंग्राम : चीन अमेरिका टैरिफ वार में अमन सामने

संजीव ठाकुर



डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद 100 दिनों में डोनाल्ड ट्रंप की सनक ही सामने आती दिखाई दी है। मूलतः बड़े व्यवसाय से जुड़े व्यापारी से राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था को सुधारने में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को डाँवाडोल कर चुके हैं। यह भी बताया जाता है कि उनके व्यावसायिक सलाहकार टेस्ला के मालिक एलन मस्क को उनकी इस व्यापारिक नीति पर अरबों का नुकसान हुआ है जिसके चलते एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप में गहरे व्यावसायिक मतभेद उभर आए हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन ने चुनाव के लगभग 100 दिन बाद अपनी आधिकारिक सभा में कहा की डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 100 दिनों से कम समय में ही आश्चर्यजनक रूप से भारी नुकसान तथा विनाश किया है पूर्व राष्ट्रपति ने दावा किया की ट्रंप ने सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के विरुद्ध द्वेषपूर्ण बर्ताव कर लगभग 7000 कर्मचारियों की छटनी करके अमेरिका को एक झटका दिया है उन्होंने कहा की कई अमेरिकी भोजन के लिए सामाजिक सुरक्षा पर भरोसा करते हैं और इसमें यह कटौती लाखों लोगों के लिए विनाशकारी होगी, उन्होंने आगे कहा की अमेरिकी प्रशासन ने पूरे विश्व में टैरिफ युद्ध लाकर आर्थिक अस्थिरता पैदा कर दी है। अमेरिका ने पहले चीन पर भारी 145% टैरिफ लगाया था जवाब में चीन ने 125% टैरिफ लगाने पर अमेरिका ने फिर जवाबी कार्रवाई कर 245% टैरिफ चीन पर ठोक दिया है ट्रम्प प्रशासन के प्रवक्ता के अनुसार चीन ने बहुत सारे रेयर अर्थ पदार्थ पर अमेरिका भेजने पर प्रतिबंध लगा दिया था इन सब रेयर अर्थ पदार्थ पर अमेरिका की आत्मनिर्भरता खत्म हो गई थी जिसमें उल्लेखनीय है कि गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी जैसे कुछ तकनीक के निर्यात पर चीन ने प्रतिबंध लगाकर अमेरिका को मजबूर कर दिया था अमेरिका के व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने दावा किया है कि इस तरह के निर्यात को प्रतिबंधित करने में चीन की मंशा दुनिया के ऑटो मार्क्स एयरोस्पेस निमार्ता, सेमीकंडक्टर कंपनियों एवं अन्य सैन्य ठेकेदार को महत्वपूर्ण सामग्री पूर्ति करने से रोकने के लिए की गई है। पहले अमेरिका का चीन सामरिक दुश्मन नंबर एक था ताइवान के मामले में अमेरिका और चीन एक दूसरे के आमने-सामने डटकर खड़े हुए थे पर कुछ कूटनीतिक तकनीकी के कारण अमेरिका ताइवान चीन के दावे पर सीधा हस्तक्षेप नहीं कर रहा था किंतु अब वैश्विक आर्थिक महायुद्ध में चीन पर 245 प्रतिशत टैरिफ लगाकर यह युद्ध अब सीधे-सीधे अमेरिका तथा चीन के मध्य केंद्रित हो गया है। चीन ने अमेरिकी हस्तक्षेप के जवाब में नहले पर दहला मारकर पिछले हफ्ते ऑटो मार्क्स के लिए सेंट्रल कमांड के लिए 6 दुर्लभ धातुओं के साथ बड़ी चुंबकों के निर्यात पर भी रोक लगा दिया माना जाता है कि यह दुनिया भर के एयरोस्पेस निमार्ता सेमीकंडक्टर कंपनियां एवं अन्य सैया सामग्रियों के इस्तेमाल करने वाली कंपनियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह संसाधित खनिज अमेरिका रक्षा उद्योग के लिए अत्यंत अहम है जिसमें जेट इंजन मिसाइल मार्गदर्शन प्रणाली, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर तथा अल्ट्रा एडवांस रडार सिस्टम जैसे एपरेटस के निर्माण में इनका अनुप्रयोग किया जाता है और महत्वपूर्ण बात यह है इन सब की आपूर्ति रुक जाने से ट्रंप प्रशासन तिलमिलाकर चीन से कुपित हो गया है। ट्रम्प प्रशासन के प्रवक्ता के अनुसार लगभग 75 देश पहले से ही नए व्यापार समझौते पर गहन चर्चा हेतु चीन के अलावा सहमत हो चुके हैं इन पर लगे व्यापारिक अतिरिक्त शुल्क को फिलहाल 90 दिनों के लिए रोक दिया गया है। ट्रम्प प्रशासन के अनुसार चीन बोइंग विमान के सौदे से साफ-साफ मुकर गया है और अमेरिका ने अपने वैधानिक अधिकारों और हितों तथा अंतरराष्ट्रीय न्याय की रक्षा हेतु जवाबी कदम उठाते हुए 245 प्रतिशत टैरिफ चीन पर लगा दिए हैं जिसे उन्होंने उचित और संवैधानिक बताया है ।यह तो तय है कि 245% टैरिफ से भविष्य में चीन को भारी नुकसान होने वाला और इससे उसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह डगमगा जाएगी। दूसरी तरफ चीन की प्रवक्ता एजेंसी रेडियो फ्री एशिया के अनुसार अमेरिका ने चीन को एनवीडीया के ँ20 चिप्स का निर्यात रोक दिया है इसे अंतरराष्ट्रीय जगत में चीन पर दबाव बनाने हेतु उठाया गया कदम बताया जाता है। अब इस चिप्स को लेने के लिए चीन को अमेरिका की सरकारी मंजूरी लेनी होगी और यह प्रतिबंध आगे आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। दूसरी तरफ निरंतर मजबूत सार्वजनिक खर्च और आसान मौद्रिक नीति के कारण भारत की अर्थव्यवस्था में 2025 में 6.5% की दर से बढ़ोतरी हो सकती है जो की 2024 की सिक्स पॉइंट नाइन प्रतिशत की वृद्धि से थोड़ा कम है किंतु भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में रहेगी। संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट में कहा गया कि बढ़ते व्यावसायिक तनाव और निरंतर और निश्चिंत्यता के कारण पूरा विश्व अर्थव्यवस्था मंदी के रास्ते पर है जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था नीचे गिर सकती है और टैरिफ युद्ध से पूरा वैश्विक बाजार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। टैरिफ युद्ध के चलते एवं वैश्विक आर्थिक अवस्था के कारण भारत में सोना एक नए रिकॉर्ड की ऊंचाई पर पहुंच गया है अमेरिका चीन व्यावसायिक युद्ध के कारण सोने में रिकॉर्ड तेजी हुई है। यह तो तय है कि भारत तेजी से उभरती हुई आर्थिक अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है किंतु चीन अमेरिका टैरिफ युद्ध पूरे विश्व के लिए आर्थिक मंदी लाने वाला होगा जिसके परिणाम सबसे ज्यादा विकासशील देशों को भुगतना पड़ेगा।

# बाजारीकरण के चंगुल में फंसी शिक्षा

विजय गर्ग

आज के संदर्भ में हमारा व्यवहार और आचरण ही हमारी शिक्षा और परवरिश का आधार तय करता है। शिक्षा एक माध्यम है जो जीवन को एक नई विचारधारा प्रदान करता है। यदि शिक्षा का उद्देश्य सही दिशा में हो तो आज का युवा मात्र सामाजिक रूप से ही नहीं बल्कि वैचारिक रूप से भी स्वतंत्र और देश का कर्णधार बन सकता है ।मैकाले की संस्कार विहीन शिक्षा प्रणाली ने हमारी भावी पीढि ?ों को अंग्रेजी का खोखला शाब्दिक ज्ञान देकर अंग्रेजों के लिए कर्मचारी तो तैयार किए परन्तु हमें हमारी पुरातन दैनिक संस्कृति मान्यताओं से पूरी तरह काटकर खोखला कर दिया। यही कारण था कि इस शिक्षा प्रणाली से निकले छात्र अपनी संस्कृति की जड़ों से कटकर रह गए। शिक्षा के बिना विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है ।प्राचीन समय में छात्र गुरुकुल में रहकर शिक्षा ग्रहण करते थे। वहां गुरु छात्र को संस्कारित बनाता था लेकिन आधुनिक जीवन में लोगों के पास शायद विकल्प कम रह गए हैं और ये कोचिंग संस्थान इसी का फायदा उठाते हैं। शिक्षा को व्यवसाय बनाकर उसका बाजारीकरण किया जा रहा है। निजी कोचिंग सैंटर हर गली, मोहल्ले और सोसायटी में सभी को झूठे प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसा रहे हैं और खुल्लम-खुल्ला शिक्षा के नाम पर सौदेबाजी कर रहे हैं। मजबूर और असहाय अभिभावक विकल्प खोजते-खोजते उनकी चिकनी-चुपड़ी बातों में फंस जाते हैं जिसका निजी संस्थान भरपूर लाभ उठा रहे हैं ।कई तो ऐसे पूंजीपति लोग देखने में आते हैं जिनका शिक्षा से कोसों तक कोई नाता नहीं होता लेकिन उन्होंने अपने धन और ऐश्वर्य के बल पर इन विद्या मंदिरों को सिर्फ और सिर्फ पैसा कमाने का साधन बना डाला है। आज यह शिक्षा का व्यापारीकरण नहीं तो और क्या है ? कई बार तो जहन में यह भी सवाल उठता है कि आखिरकार इसका उत्तरदायी कौन है ? हम स्वयं, सरकार या हमारी शिक्षण पद्धति। इस बात का उत्तर शायद किसी के पास नहीं है ।शिक्षा के बाजारीकरण का अर्थ है शिक्षा को बाजार में बेचने-खरीदने की वस्तु में बदल देना अर्थात शिक्षा आज समाज में मात्र एक वस्तु बन कर रह गई है और स्कूलों को मुनाफे की दृष्टि से चलाने वाले दुकानदार बन चुके हैं तथा इस प्रकार की दुकानें ही छात्रों के भविष्य को बर्बाद कर रही हैं। अभिभावक भी शिक्षा की इन दुकानों की चकाचौंध को देख कर उनमें फंसते जा रहे हैं परन्तु अंत में जब तक अभिभावकों को इन दुकानों की वास्तविकता का पता चलता है तब तक वे अपना धन और समय गंवा चुके होते हैं ।इन सभी कारकों के परिणामस्वरूप शिक्षा का स्तर भी निम्न होता जा रहा है। स्कूलों में बच्चों की गुणवत्ता की अपेक्षा बच्चों की संख्या पर विशेष ध्यान दिया जाता है जोकि सर्वथा अनुचित है।

नए शैक्षिक सत्र के आरंभ में भिन्न-भिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर स्कूल प्रशासक अभिभावकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं लेकिन कुछ समय के पश्चात जब वास्तविकता सामने आती है तो वे मजबूरन कुछ नहीं कर सकते और अपने बच्चों के लिए स्कूल प्रशासन की उचित-अनुचित मांगों को पूरा करने के लिए बाध्य हो जाते हैं ।कई बार देखने में आया है कि प्रतिस्पर्धा या ईर्ष्या के कारण भी निजी स्कूल अपनी गुणवत्ता का प्रदर्शन करते हैं और इसके लिए सभी उचित-अनुचित तरीकों को अपनाते हैं जोकि सर्वथा अनुचित है। ये संस्थाएं शिक्षा की गुणवत्ता को नजरअंदाज कर देती हैं। इनका मुख्य उद्देश्य होता है धन अर्जन करना, चाहे वह कमाई पुस्तकों के माध्यम से हो या यूनीफार्म के द्वारा हो, यहां तक कि ये अध्यापकों का शोषण करने से भी नहीं चूकते ।एक अच्छा तथा सुशिक्षित अध्यापक भी बेरोजगारी के डर से सात-आठ हजार में नौकरी करने को तैयार हो जाता है लेकिन वह इतने कम वेतन का हकदार नहीं होता।

# डीजे के शोर की शिकायत करने पर महिला वकील को खेत में ले जाकर पीटा, महाराष्ट्र के बीड में 'जंगलराज' जैसी बर्बरता

- बीड में महिला वकील की बेरहमी से पिटाई
- डीजे के शोर के खिलाफ की थी शिकायत



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में बीड में फिर एक बार बर्बरता सामने आई है। जिले की अंबोजोगाई सत्र न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाली एक महिला वकील ने तेज आवाज में डीजे बजाने के खिलाफ आधिकारिक तौर पर शिकायत दर्ज कराई तो सरपंच और उसके लोगों ने महिला वकील को खेत में ले जाकर बेरहमी से पीटा। इस घटना के सामने आने के बाद महाविकास आघाड़ी के नेताओं ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महायुति सरकार पर हमला बोला है। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने एक्स पर लिखा है कि दुर्भाग्य से कहना पड़ेगा कि इस घटना के कारण महाराष्ट्र अब बिहार से आगे निकल गया है। आरोप है कि 10 पुरुषों ने एक महिला की पिटाई की।महिला वकील से बर्बरताबीड जिले के अंबाजोगाई तालुका के एक गांव में एक घटना घटी है, जहां डीजे के शोर की शिकायत करने पर एक महिला वकील की गांव के सरपंच और कार्यकताओं ने बेरहमी से पिटाई कर दी। लाठी, डंडों और पाइपों से किए गए इस क्रूर हमले में महिला वकील गंभीर रूप से घायल हो गई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता रोहिणी खड़से ने लिखा है कि लाठी और लोहे की पाइपों से किए गए हमले में महिला बेहोश हो गई और एक रात के बाद ही उसे अस्पताल से घर भेज दिया गया।

# 'जिनके पास कुछ नहीं करने को नहीं, वहीं कर रहे हैं हिंदी पर विवाद', अजित पवार के निशाने पर कौन?

## हिंदी विवाद करने वालों को खरी-खरी सुनाते हुए अजित पवार का दो टूक जवाब

- महाराष्ट्र में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य किया गया
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर विवाद पैदा करने वालों को खरी-खरी सुनाते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख और राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने दो टूक जवाब दिया है। अजित पवार ने कहा कि हिंदी को लेकर वहीं विवाद पैदा कर रहे हैं जिनके पास कुछ करने के लिए नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में अंग्रेजी का व्यापक रूप से इस्तेमाल होता है और इसी तरह कई राज्यों में हिंदी बोली जाती है। हालांकि इस बात पर विवाद है कि हिंदी राष्ट्रभाषा है या नहीं, मैं उसमें नहीं पड़ना चाहता।

### अजित पवार ने क्या कहा?

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पुणे के एक समारोह में कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने दो भाषाओं का अध्ययन कराने की परंपरा से हटकर राज्य भर के मराठी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ना अनिवार्य करने का निर्णय लिया है। पवार ने जोर देकर कहा कि मराठी, हिंदी और अंग्रेजी तीनों भाषाएं महत्वपूर्ण हैं लेकिन मराठी राज्य में हमेशा प्रमुख रखेगी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया

अजित पवार ने मराठी भाषा को बढ़ावा देने में केंद्र की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया। यह निर्णय सालों से लंबित था। एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार ने इसे लागू करने का साहस दिखाया। उन्होंने कहा कि भाषा को और बढ़ावा देने के लिए मुंबई में मराठी भाषा भवन स्थापित करने की योजना पर काम जारी है।

फास्ट ट्रैक

# लोको पायलटो को दी जा रही बेहतरीन सुविधाएं, वर्किंग कंडीशन में आया है सुधार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

लोको पायलट भारतीय रेल परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। उनके वर्किंग कंडीशन को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। पिछले 10 वर्षों में लोको पायलटों के सभी रनिंग रूम को वातानुकूलित किया गया है और उन्हें अच्छे से सुसज्जित किया गया है ।2014 से पहले देश का एक भी रनिंग रूम वातानुकूलित नहीं था ।पिछले 10 वर्षों में आधे से ज्यादा लोको केबिनों को एर्गोनोमिक सीटों, वातानुकूलन और अन्य सुधारों के साथ अपग्रेड किया गया है। 2014 से पहले एक भी लोको केबिन वातानुकूलित नहीं था। सभी नये लोकोमोटिव्स में शौचालय लगाए जा रहे हैं। 2014 से पहले यह निर्माण योजना का हिस्सा भी नहीं था। पुराने लोकोमोटिव्स में शौचालय लगाने के लिए रेट्रोफिटिंग की जा रही है। इसके लिए डिजाइन में संशोधन भी किए जा रहे हैं ।जिन मार्गों पर भारी ट्रैफिक रहता है, वहाँ नए रनिंग रूम बनाए जा रहे हैं। इन प्रयासों से लोको पायलटो के वर्किंग आवर्स में उल्लेखनीय कमी आई है ।कोहरे में सुरक्षा के लिए फॉग- सेफ्टी उपकरण, कवच, ड्राइवर अलर्ट सिस्टम और इंप्रूव्ड ब्रेकिंग सिस्टम जैसी तकनीकों से रेलवे सेफ्टी बेहतर हुई है और लोको पायलटो को भी काफी सुविधा मिली है।

ऑनबोर्ड सुविधाएँ, उन्नत तकनीकें और रेस्ट के लिए पर्याप्त समय से लोको पायलटो के कार्य वातावरण लगातार बेहतर हुए हैं।

मालगाड़ी सबअर्बन ट्रेन और पैसेंजर एवं मेल एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन करने वाले लोको पायलटों के टॉयलेट ब्रेक और स्नेक्स हेतु व्यवस्था रहती है। माल गाड़ियां कई स्टेशनों और यार्ड में रुकती हैं। इन स्टेशनों पर पर्याप्त समय होता है जिससे कर्मचारी शौचालय का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही यह समय नाश्ते के लिए भी उपयोग में लाया जा सकता है।

सबअर्बन तथा मेट्रो ट्रेनों

का परिचालन अल्प दूरी के लिए किया जाता है और इनके चालक दल टर्मिनल स्टेशनों पर शौचालय का उपयोग करते हैं।

पैसेंजर ट्रेनों पर कार्यरत कर्मचारी स्टेशन पर ट्रेन के खड़े रहने के दौरान ट्रेन के शौचालय का उपयोग करते हैं और इस समय का उपयोग नाश्ते के लिए भी करते हैं। स्टेशन के कर्मचारी लोको पायलटों को सदेव सहयोग देते हैं। लोको पायलटो को वॉकी टॉकी की सुविधा भी दी गई है इसके द्वारा वह स्टेशन कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं।

# पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल राजकोट के बीच चलाएगी सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा स्पेशल रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से मुंबई सेंट्रल और राजकोट स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर सुपरफास्ट तेजस स?पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार इस ट्रेन से गुजरात के सौराष्ट्र को मुंबई के लिए तेज कनेक्टिविटी मिल सकेगी। ट्रेन संख्या 09005/09006 मुंबई सेंट्रलझराजकोट सुपरफास्ट स्पेशल कुल 34 फेरे लगाएगी। इससे मुंबई और गुजरात के सौराष्ट्र के बीच आवाजाही करने वालों को बड़ी राहत मिलेगी ।तेजस एक्सप्रेस का टाइम टेबलट्रेन संख्या 09005 मुंबई सेंट्रलझराजकोट स्पेशल प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को मुंबई सेंट्रल से 23.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11.45 बजे राजकोट पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 अप्रैल से 28 मई, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09006 राजकोटझमुंबई सेंट्रल स?पेशल प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को राजकोट से 18.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 07.30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। ऐसे में तेजस एक्सप्रेस 11 घंटे में यह सफर पूरा करेगी ।कब चलेगी यह ट्रेनयह ट्रेन 22 अप्रैल से 29 मई, 2025 तक चलेगी।

# मध्य रेल ने विरासत की सुरक्षा के संबंध में आपदा और संघर्ष प्रतिरोधी विरासत कार्रवाई थीम पर आधारित विश्व विरासत दिवस 2025 मनाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मध्य रेल ने राष्ट्र के प्रति अपनी 172 वर्षों की विशिष्ट सेवा के साथ, विश्व विरासत दिवस 2025 को बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाया। 18 अप्रैल को प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले विश्व विरासत दिवस की शुरूवात इंटरनॅशनल कौंसिल ओन मोनुमेंट्स एंड साइट्स (ICOMOS) द्वारा सांस्कृतिक विरासत के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। ICOMOS द्वारा प्रस्तावित 2025 का विषय विरासत की सुरक्षा के संबंध में आपदा और संघर्ष प्रतिरोधी विरासत कार्रवाई है। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) के प्लेटफॉर्म 14 और 15 के बीच स्थित हेरिटेज एली में एक विशेष हेरिटेज प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी ने यात्रियों और इतिहास प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें दुर्लभ कलाकृतियां और भारतीय रेलवे के गौरवशाली अतीत की मनोरम झलकियां प्रदर्शित की गईं।

यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस को खुबसूरत बहुरंगी रोशनी से खूबसूरती से रोशन किया गया था। ब्रिटिश इंजीनियर फ्रेडरिक विलियम स्टीवंस द्वारा डिजाइन किया गया 138 साल पुराना वास्तुशिल्प चमत्कार, इंडो-गॉथिक वास्तुकला का एक आश्चर्यजनक उदाहरण है। इसका निर्माण 1878 में शुरू हुआ और 1888 में 16,13,863 की लागत से पूरा हुआ। यह इमारत मुगल और पारंपरिक भारतीय वास्तुशिल्प तत्वों के साथ विक्टोरियन गोथिक पुनरुद्धार शैली को मिलाती है, जो भारत की समृद्ध और विविध विरासत का प्रतीक है।

आज के कार्यक्रमों की शुरूवात, सीएसएमटी मुंबई में स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें आदरांजलि दे कर की गयी।

समारोह के हिस्से के रूप में एक 'हेरिटेज वॉक' आयोजित की गई, जिसका नेतृत्व श्री प्रतीक गोस्वामी, अपर महाप्रबंधक, और श्री सुबोध कुमार सागर, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ने प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ किया । वॉक ने सीएसएमटी की स्थापत्य भव्यता पर प्रकाश डाला और भारतीय रेलवे की समृद्ध विरासत का जश्न मनाया गयो पदयात्रा में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों, नागरिक सुरक्षा, स्काउट और गाइड के सदस्यों, सफाई कर्मचारियों और बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

इसके अतिरिक्त, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर एक फायर ब्रिगेड प्रदर्शनी मुंबई अग्निशमन विभाग द्वारा आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य अग्नि सुरक्षा, विशेषकर विरासत संरचनाओं और कलाकृतियों की सुरक्षा के संबंध में जागरूकता पैदा करना था।

मध्य रेलवे ने विभिन्न स्थानों पर अपनी विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं:

भारत के सबसे पुराने रेलवे स्टेशनों में से एक, भायखला स्टेशन, 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर से ठाणे तक की पहली ऐतिहासिक ट्रेन यात्रा का हिस्सा था। अब 172 साल पुराने स्टेशन को सावधानीपूर्वक अपने मूल गोथिक वास्तुशिल्प गौरव में बहाल किया गया है और इसे बहुत सावधानी से संरक्षित किया जा रहा है। नेरल-माथेरान लाइट रेलवे, एक 118 साल पुरानी विरासत लाइन, का 1907 में परिचालन शुरू किया। यह सुंदर नैरो-गेज रेलवे वयस्क, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए समान रूप से एक सुखद अनुभव है। यह यात्रियों को हरे-भरे जंगलों और पहाड़ी इलाकों के माध्यम से एक अनूठी यात्रा प्रदान करता है, जो विंटेज रेल यात्रा के आकर्षण को संरक्षित करता है ।मध्य रेल प्रगतिशील भविष्य के लिए आधुनिकीकरण और नवाचार को अपनाते हुए भारतीय रेल की कालातीत विरासत को संरक्षित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# पश्चिम रेलवे द्वारा दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का व्यारा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या 09025/09026 वलसाड दानापुर साप्ताहिक स्पेशल तथा ट्रेन संख्या 09059/09060 उधना खुर्दा रोड साप्ताहिक स्पेशल को व्यारा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विवरण इस प्रकार हैः-

1. 21 अप्रैल, 2025 को वलसाड से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09025 वलसाड - दानापुर साप्ताहिक स्पेशल को से व्यारा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन व्यारा स्टेशन पर 10:08 बजे पहुंचेगी और 10:10 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, 22 अप्रैल, 2025 को दानापुर से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09026 दानापुर - वलसाड साप्ताहिक स्पेशल को व्यारा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन व्यारा स्टेशन पर 10:06 बजे पहुंचेगी और 10:08 बजे प्रस्थान करेगी।
2. 23 अप्रैल, 2025 को उधना से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09059 उधना - खुर्दा रोड साप्ताहिक स्पेशल को व्यारा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन व्यारा स्टेशन पर 12:50 बजे पहुंचेगी और 12:52 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, 25 अप्रैल, 2025 को खुर्दा रोड से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09060 खुर्दा रोड - उधना साप्ताहिक स्पेशल को व्यारा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन व्यारा स्टेशन पर 11:48 बजे पहुंचेगी और 11:50 बजे प्रस्थान करेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# रेलवे विरासत सप्ताह के उपलक्ष्य में भुसावल मंडल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



रेलवे विरासत सप्ताह (Railway Heritage Week) के अंतर्गत भुसावल मंडल में 15 अप्रैल 2025 से 17 अप्रैल 2025 तक रेलवे विद्यालय के छात्रों के लिए विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।दिनांक 17 अप्रैल 2025 को भुसावल स्थित बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (BTC) सी एंड डब्ल्यू विभाग में रेलवे स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक रोचक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में भारतीय रेलवे के विकास पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। भारतीय सिनेमा और रेलवे के संबंध, सिनेमा में भुसावल स्टेशन की उपस्थिति, तथा भुसावल स्थित रेलवे विरासत संग्रहालय की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई ।लघु फिल्म के पश्चात विद्यार्थियों को BTC C&W विभाग के मॉडल रूम में रोलिंग स्टॉक के विभिन्न हिस्सों की जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने दुर्घटना राहत गाड़ी (Accident Relief Train) का दौरा किया, जिससे उनमें नया उत्साह देखने को मिला ।दिनांक 16 अप्रैल 2025 को रेलवे स्कूल, भुसावल में विश्व विरासत विषय पर प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 10 से 12 तक के लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।इसके पूर्व, दिनांक 15 अप्रैल 2025 को रेलवे दृश्य विषय पर चित्रकला व रंग भराई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक के 41 विद्यार्थी एवं कक्षा 6 से 12 तक के 68 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में रेलवे की विरासत के प्रति जागरूकता उत्पन्न हुई है तथा उन्हें रेलवे के ऐतिहासिक सफर और कार्यप्रणाली के बारे में रुचिकर जानकारी प्राप्त हुई है।

# पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल राजकोट के बीच चलाएगी सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा स्पेशल रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से मुंबई सेंट्रल और राजकोट स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस स्पेशल ट्रेन का विवरण निम्नानुसार हैः-ट्रेन संख्या 09005/09006 मुंबई सेंट्रल राजकोट सुपरफास्ट स्पेशल [34 फेरे]ट्रेन संख्या 09005 मुंबई सेंट्रल राजकोट स्पेशल प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को मुंबई सेंट्रल से 23.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11.45 बजे राजकोट पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 अप्रैल से 28 मई, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09006 राजकोट झ मुंबई सेंट्रल स्पेशल प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को राजकोट से 18.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 07.30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 22 अप्रैल से 29 मई, 2025 तक चलेगी। ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरिवली, वापी, सूरत, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, विरमगाम, सुरेन्द्रनगर एवं वांकानेर स्टेशनों पर रुकेगी ।इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर एवं एसी 3-टियर कोच होंगे ।ट्रेन संख्या 09005 एवं 09006 की बुकिंग दिनांक 19.04.2025 से सभी पी.आर.एस. काउंटरों एवं आई.आर.सी.टी.सी. वेबसाइट पर प्रारंभ होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# चर्चगेट और मरीन लाइन्स स्टेशनों के बीच ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, चर्चगेट और मरीन लाइन्स स्टेशनों के बीच वानखेड़े फुट ओवर ब्रिज (दक्षिण) के मुख्य गर्डरों को लॉन्च करने के लिए 19/20 अप्रैल, 2025 (शनिवार/रविवार) की मध्यरात्रि में 01.15 बजे से 04.15 बजे तक तीन घंटे का एक मेजर ब्लॉक लिया जाएगा। इस कार्य के कारण कुछ मुंबई उपनगरीय ट्रेनें प्रभावित होंगी।

# ट्रैक्टर से रास्ता न देने पर हमला

नोएडा, ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक सप्ताह पहले हुए हमले का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। पुलिस ने नकुल को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। रामपुर खादर गांव में अनिल ट्रैक्टर चला रहा था। नकुल और उसके साथी ने रास्ता न देने पर लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल अनिल को दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसका एक पैर काटना पड़ा। पीड़ित के चचेरे भाई योगेंद्र ने 10 अप्रैल को नकुल और राकेश के खिलाफ केस दर्ज कराया। दोनों पक्षों में पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में यह हमला किया गया। एम्स में भर्ती अनिल की हालत अभी भी गंभीर है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही बाकी आरोपियों को भी पकड़ लिया जाएगा।

**मध्य रेल**

**मुंबई मंडल में विभिन्न लॉबियों के लिए आरओ प्लांट**

**निविदा क्रमांक: बीबी. टीआरएसओ. 375. जी. आरआर.आरओऐएमसी, दिनांक: 11.04.2025. कार्य का नाम**: मुंबई मंडल के विभिन्न लॉबियों के लिए 1000 एलपीएच क्षमता वाले आरओ प्लांट के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए सीएएमसी। **जगह**: मुंबई मंडल। **अनुमानित लागत**: रु. 4,89,818/-. **बयाना राशि**: रु.9,800/-. **निविदा फॉर्म की कीमत**: रु. 1,000/-. **समापन अवधि**: 12 महीने। **कार्यालय का पता**: सीनियर डीईई (टीआरएसओ) बीबी, दूसरी मंजिल, एनेक्सी बिल्डिंग, आरक्षण केंद्र के ऊपर, मध्य रेलवे, मुंबई सीएसएमटी। **निविदा समापन तिथि**: 02.05.2025, समय 11:00 बजे। निविदा केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-टेंडरिंग प्रारूप में स्वीकार की जाएगी। निविदा दस्तावेज वेबसाइट पर उपलब्ध है। AK-34

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

**मध्य रेल**

सोलापुर मंडल

**ई-निविदा सुचना**

**निविदा सूचना संख्या: सोला/वि/नि/2025/01.** भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याती प्राप्त, अनुभवी ठेकेदारों से रेल्वे की ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम:** तीन वर्ष की अवधि के लिए सोलापुर मंडल में डीजी सेटों की स्थिति की निगरानी और रखरखाव. **कार्य की लागत:** ₹ 29,66,713.29. **बयाना राशि:** ₹ 59,300/-. **कार्य पूरा करने की अवधि:** 38 माह. **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समय: 12.05.2025** को **15:00 बजे**।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)
मध्य रेल, सोलापुर

Akar/Sur-42

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

# सोलापुर मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 में 421.56 करोड़ का उल्लेखनीय माल राजस्व हासिल किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मध्य रेल के सोलापुर मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए माल ढुलाई संचालन में प्रभावशाली प्रदर्शन दर्ज किया है, जिसमें ?421.56 करोड़ का भारी माल राजस्व हासिल किया है। यह उत्कृष्ट परिणाम मंडल की रणनीतिक पहल, बुनियादी ढांचे के उन्नयन और प्रभावी ग्राहक पहुंच को दर्शाता है।

### मुख्य प्रदर्शन अवलोकन

कुल राजस्व उत्पन्नः 421.56 करोड़

कुल लोड किए गए रेकः 1,783

कुल माल ढुलाई मात्राः 5.34 मिलियन मीट्रिक टन

प्रमुख वस्तुएं संभाली गईः सीमेंट, क्लिंकर, चीनी, गुड़, डीओसी (डी-ऑइल्ड केक), पीओएल (पेट्रोलियम, ऑइल और ल्युब्रिकेंट्स), गुड़, उर्वरक, चूना पत्थर, खाद्यान्न, कोयला, राख, जिप्सम, बॉक्साइट और अन्य।

बुनियादी ढांचा और परिचालन प्रसारः सोलापुर मंडल में माल ढुलाई के लिये कार्यरत हैं

-गुड्स शेडः लातूर, सोलापुर, ताज सुल्तानपुर, पंढरपुर, अरग, भिगवन, कुडुर्वाडी, उस्मानाबाद, बाले, वाडी और तिलाटी में

-साइडिंगः जिनमें एसीसी सीमेंट/वाडी, अल्ट्राटेक/होटगी, चेट्टीनाड/तिलाती, जुआरी/तिलाती, एनटीपीसी/होटगी और हिरेनंदुरु और पाकनी में आईओसीएल के प्रमुख स्थान शामिल हैं

-गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनलः हिरेनंदुरू में बीपीसीएल जीसीटी

वित्त वर्ष 2024-25 की मुख्य बातेंः

28 जनवरी 2025 को आईओसीएल पाकनी (महाराष्ट्र में आईओसीएल की पहली रेक लोडिंग सुविधा) में पीओएल ढुलाई शुरू हुई। 3.01 करोड़ के राजस्व सृजन के साथ 24 रेक लोड किए गए।

दो साल बाद पंढरपुर और बाले में गुड़ यातायात सफलतापूर्वक पुनर्जीवित हुआ। 5 रेक लोड किए गए जिनसे राजस्व उत्पन्न हुआ ?2.70 करोड़।

गुड़ यातायात बढ़कर 11 रेक लोड हुए, जिससे ?5.16 करोड़ का राजस्व उत्पन्न हुआ।

नई उर्वरक लोडिंग पहल के परिणामस्वरूप कुडुर्वाडी और पंढरपुर से वर्ना (कोंकण रेल) तक पहली बार लोडिंग हुई। 2 मिनी रेक लोड किए गए, जिससे ?30 लाख का राजस्व उत्पन्न हुआ।

चीनी-गुड़ यातायात का पहला संयुक्त कमोडिटी यातायात सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें लातूर से 2 रेक लोड किए गए, जिससे 1.59 करोड़ का राजस्व उत्पन्न हुआ।

मई 2024 में बीडीयू (बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट) पहल के तहत कोयला अनलोडिंग के साथ भिगवन में कोयला हैंडलिंग हुई, जहां उमरेड कोलियरी साइडिंग (नागपुर मंडल) से 4 रेक अनलोड किए गए।

नए माल ढुलाई गंतव्य जोड़े गए - क्लिंकरः पीपीसीपी (पेन्ना सीमेंट), ओसीपीसी (ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड, चित्तपुर); चीनीः रुड़की (उत्तराखंड), सेलम (तमिलनाडु); गुड़ः असम में न्यू तिनसुकिया और लंका।

शॉर्ट लीड ट्रैफिक कैप्चर किया गया (26 किमी) एसीसी वाडी से ओसीपीसी (चित्तपुर) तक क्लिंकर ट्रैफिक जहां 4 रेक सफलतापूर्वक लोड किए गए।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री योगेश पाटिल ने कहा कि श्यह प्रदर्शन पूर्व सहायक वाणिज्य प्रबंधक (माल) श्री लखनजी झा, वर्तमान सहायक वाणिज्य प्रबंधक (माल) श्री ए के यादव, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक (माल) श्री दीपक मिश्रा, वाणिज्य निरीक्षक (माल) श्री निहाल सिंह और सोलापुर मंडल के अन्य समर्पित टीम सदस्यों के निरंतर प्रयासों का परिणाम हैसोलापुर मंडल भारतीय रेल के कुशल, टिकाऊ और विकासोन्मुखी माल सेवाओं के दृष्टिकोण के अनुरूप परिचालन उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि की दिशा में प्रयास करना जारी रखेगा।

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई' निविदा सूचना, संख्या EPS/68/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए "https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्रं. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 38241728B | ब्रेक बीम प्राथमिक | 661संख्या |
| 2 | 30241055 | आरडीएसओ से एंकर लिंक के लिए साइलेंट ब्लॉक की खरीद | 11420संख्या |
| 3 | 38242200 | एडाप्टर ए.ए.आर. स्टैंडर्ड वाइड जॉ. | 6531संख्या |
| 4 | 80251056 | WAG-9/WAP7 लोको एक्सल बॉक्स बेयरिंग के लिए शेल गैडस S5 V42P ग्रीस | 10300किग्रा. |
| 5 | 80251017 | हाइड्रोलिक तेल एचएलपी – 68 एन आरडीएसओ अतिरिक्त आवश्यकता के साथ। | 76630 एलटीआर |
| 6 | 38251918 | हैंड ब्रेक व्यवस्था के लिए केबल असेंबली | 2068संख्या |
| 7 | 38241347 | वितरक वाल्व पूर्ण | 412संख्या |

उपरोक्त निविदाओं की नियत तिथि क्रमांक 1 और 2 – 12.05.2025, क्रमांक 3 – 14.05.2025, क्रमांक 4 – 15.05.2025, क्रमांक 5 – 19.05.2025, क्रमांक 6 – 22.05.2025 और क्रमांक 7 – 28.05.2025 है। 50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

(हस्ता.)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# उदय उतेकर का ठाणे वाटर पोलो में शिव छत्रपति पुरस्कार मिलने पर सत्कार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे के टेकड़ी बंगला निवासी और रेलवे कर्मचारी उदय उमेश उतेकर को वाटर पोलो के लिए खेल के क्षेत्र में राज्य सरकार का प्रतिष्ठित शिव छत्रपति खेल पुरस्कार मिला है।



महाराष्ट्र और रेलवे के लिए खेलते हुए उदय उतेकर ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी अपनी छाप छोड़ी। पूर्व भाजपा नेता नारायण पवार ने उतेकर से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। साथ ही, उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।उदय उतेकर ने पिछले 10 वर्षों से बेजोड़ प्रदर्शन किया है।उनके प्रदर्शन के सम्मान में उन्हें वाटर पोलो में शिव छत्रपति खेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।उन्होंने चार साल की उम्र में तैरना सीखा।इसके बाद उन्होंने 15 साल की उम्र में वॉटर पोलो खेलना शुरू कर दिया।18 साल की उम्र में उनका चयन सेंट्रल रेलवे टीम के लिए हो गया।उदय उतेकर ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाराष्ट्र और रेलवे का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2015 से आयोजित राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते हैं। उन्होंने सिंगापुर और थाईलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

# एनसीपी-शरद चंद्र पवार पार्टी ने महंगाई के खिलाफ किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,राज्य और केंद्र सरकार बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने में विफल हो रही है। खाद्य तेल, ईंधन और सिलेंडर की कीमतें दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं।इसके विरोध में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. जितेंद्र आव्हाड-शरदचंद्र पवार के आदेश पर शहर अध्यक्ष सुहास देसाई, कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटिल, महिला अध्यक्ष सुजाता घाग, युवा अध्यक्ष विक्रम खामकर, प्रदेश प्रवक्ता रचना वैद्य की उपस्थिति में रुता आव्हाड के नेतृत्व में दो बाइक खड़ी कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। पिछले कुछ दिनों से सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ने लगी हैं।तेल, अनाज, दालें, घरेलू गैस और ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं। हालांकि, एनसीपी-शरद चंद्र पवार पार्टी ने ठाणे जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि सरकार के पास इसका कोई समाधान नहीं है।इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए आव्हाड ने कहा कि यहां दोपहिया वाहन पलटकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस देश की अर्थव्यवस्था खराब हो चुकी है। हमारे देश में मुद्रास्फीति कम करने के लिए कोई नीति नहीं बनाई जा रही है। अब सरकार को जनता को बताना चाहिए कि महंगाई कम करने के लिए क्या करना चाहिए। हमारे देश ने अमेरिकी टैरिफ नीति पर कोई रुख नहीं अपनाया है। मुझे नहीं पता कि हमारा नेतृत्व अमेरिका से डरता है या नहीं। हालाँकि, ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। सरकार की निष्क्रियता के कारण इस देश में छोटे किसान विलुप्त होने के कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार के पास उनके लिए कोई सहारा नहीं है।सुहास देसाई ने कहा कि वर्तमान में कंपनियां पेट्रोल-डीजल पर 15 रुपये प्रति लीटर का मोटा मुनाफा कमा रही हैं, जबकि आम आदमी की जेब पर डाका डाला जा रहा है। कच्चे तेल की कीमतें इस समय चार साल के निचले स्तर पर हैं। हालांकि, उन्होंने पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाकर जनता का पैसा लूटने के लिए सरकार की आलोचना की। तो वहीं क्षेत्रीय प्रवक्ता रचना वैद्य ने कहा कि यह सरकार हम महिलाओं को मूर्ख समझ रही है। महिलाओं को पंद्रह सौ रुपये देकर वोट खरीदे गए हैं। यह सरकार नोट फॉर वोट वाली है।इस सरकार ने अभी तक मुद्रास्फीति पर कोई नीति नहीं बनाई है। इसीलिए हम जनता के प्रतिनिधि के रूप में यह आंदोलन चला रहे हैं। आज का विरोध प्रदर्शन प्रतिनिधिक है। उन्होंने कहा, अब से हमारा आंदोलन और अधिक तीव्र होगा।मर्जिया पठान, प्रभाकर सिंह, सुरेंद्र उपाध्याय, एडवोकेट। कैलाश हवले, गजानन चौधरी, राजू चपले, प्रफुल्ल कांबले, जतिन कोठारे, उमेश अग्रवाल, राजेश कदम, संतोष नागले, माधुरी सोनार,



राजेश जे. साटम, शशिकला पुजारी, कमर जान मुलानी, पूजा खान, संतोष तिवारी, शुभम द्विवेदी, संतोष साटम, दिलीप लोखंडे, राहुल ठाणेकर, कैलास सुरकर, प्रवीण सिंह, एकनाथ जाधव, समीर नेटके, विशांत गायकवाड़, इकबाल शेख, शिव कालूसिंह, मंगेश गायकवाड़, मेहरबानो पटेल, ज्योति निंबार्गी, मीना ओवल, वंदना लांडगे, शुभांगी कोलापकर, रेशमा भानुशाली, लता ताई धाकड़, सुजाता कदम, मल्लिका पिल्ले, मनीषा पटेल, बेबीका नंदा, हीराबाई गोहिल, मंजूबाई गोहिल, सुचिता पवार प्रीति सुले, जयश्री अहिरे, ताराबाई इसले, मेघा गावटे, सोनाली कदम, संगीता लोकरे, मनीषा पाटिल, मीना माने, स्नेहल चव्हाण, अजीत मोरे, केतन जेधे, महेश भाग्यवंत, हीरू गंगावशी, धर्मेंद्र अस्थाना, पद्माकर पाटिल, समाधान माने, राहुल भालेराव, शेखर भालेराव, वैभव खोत, वसीम खान, हरिवंश चव्हाण, विक्रम सिंह, किरण पवार, दिगंबर गरुड़ आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

फास्ट ट्रैक

# अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर एडीएम सख्त

### 5 ट्रक-डंपर और ट्रैक्टर ट्राली जब्त, एडीएम बोले-संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी

शाहजहांपुर, अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ एडीएम एफआर अरविंद कुमार ने बड़ी कार्रवाई की है।एडीएम ने एसडीएम पुवायां के साथ रात में खुटार रोड पर छापेमारी की।इस दौरान पांच ओवरलोड ट्रक और डंपर पकड़े गए। सभी वाहनों को खुटार पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। पुवायां के गंगसरा गांव से अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिलने पर एडीएम तड़के सुबह मौके पर पहुंचे। उन्होंने मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया।



जांच में सामने आया कि करीब तीन हजार स्क्वायर फीट क्षेत्र में दो फुट गहरा अवैध खनन किया गया था। खेत मालिक ने बताया कि उन्होंने अवैध खनन की कई बार शिकायत की थी।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।एडीएम ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की बात कही है। साथ ही उन्होंने एआरटीओ को ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# अंततः उल्हास नदी की जलकुंभी को स्वचालित मशीन की सहायता से हटाने का कार्य शुक्रवार से प्रारंभ हुआ

### महाराष्ट्र प्रदूषण बोर्ड द्वारा स्वचालित मशीन की सहायता से जलकुंभी हटाई जा रही है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. विगत काफी समय से उल्हास नदी को प्रदूषण मुक्त और जलकुंभी मुक्त किए जाने के व्यक्तिगत स्तर और अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा आंदोलन और मांग की जा रही थी। विशेषकर 22 मार्च 2025 को विश्व जलदायिनी कल्याणकर संस्था के अध्यक्ष नितिन निकम, पूर्व नगरसेवक उमेश बोरगांवकर, कैलास शिंदे, श्रीनिवास घनेकर, सुदाम गंगावणे आदि के उल्हास नदी के तल में बैठकर किए गए आंदोलन के सकारात्मक परिणाम शुक्रवार को देखने को मिले जब उल्हास नदी से जलकुंभी हटाने का कार्य स्वचालित मशीन से प्रारंभ हुआ।उल्हास नदी मोहना से जलकुंभी निकालने का कार्य शुक्रवार से प्रारंभ कर दिया गया है, यह कार्य महाराष्ट्र प्रदूषण बोर्ड द्वारा किया जा रहा है।जलकुंभी को स्वचालित मशीन द्वारा नदी से निकालकर नदी तट पर रखा जाएगा।जलकुंभी का समुचित निपटान स्थानीय स्वशासन संस्था एवं ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा।

बताते चले कि 50 लाख लोगों को जलापूर्ति करने में विशेष योगदान करने वाली उल्हास नदी ठाणे जिले की महत्वपूर्ण नदी है लेकिन दुर्भाग्य से आद्योगिक अपशिष्टों और सीवेज के पानी के इस नदी में मिलने से यह भयंकर प्रदूषित हो गई है।नदी के एक बड़े हिस्से में जलकुंभी का फैलाव हो गया है। अंततः अब स्वचालित मशीन से जलकुंभी हटाए जाने से नदी का स्तर सुधरेगा।उल्हास नदी को प्रदूषण मुक्त किए जाने के अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता शशिकांत दायमा ने प्रशासन के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आशा है उल्हास नदी का भाग्योदय होगा और यह नदी अपने पुराने स्वरूप को पुनः प्राप्त कर पाएगी।

# अंबरनाथ तालुका पंचायत शिक्षा समिति विभाग ने अंबरनाथ और बदलापुर के 6 अनधिकृत विद्यालयों की सूची जारी की

### अभिभावक इन अनधिकृत स्कूलों में अपने बच्चों को प्रवेश न दिलाएं- विशाल पोटेकर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. अंबरनाथ पंचायत समिति शिक्षा विभाग ने स्थानीय स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार करने के परिप्रेक्ष्य में कार्य करते हुए तहसील स्तर के उन अनधिकृत स्कूलों की सूची जारी की है जिनके पास स्कूल चलाने की विधिमान्य अनुमति और मान्यता प्राप्त नहीं है।पंचायत शिक्षा समिति ने इस प्रकार के 6 स्कूलों की सूची जारी करते हुए अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इन अनधिकृत स्कूलों में प्रवेश न दिलाएं और बच्चों की शिक्षा के साथ खिलवाड़ न करें। शिक्षा विभाग ने इन 6 स्कूलों को नोटिस भेजकर ऐसे शिक्षा की दुकानों की बंद करने का आदेश दिया है। यद्यपि इनमें से कुछ स्कूल नोटिस मिलने के बाद भी चलायमान है अतः इन स्कूलों के प्रति ठोस कार्यवाही करते हुए इनके प्रति मामला दर्ज करने की शत प्रतिशत संभावना व्यक्त की जा रही है।

अंबरनाथ पंचायत समिति शिक्षा अधिकारी विशाल पोटेकर ने तहसील स्तर के सभी अभिभावकों से अपील की है कि इन अनधिकृत स्कूलों में अपने बच्चों को प्रवेश न दिलाएं।भविष्य में बच्चों की शिक्षा के साथ कोई खिलवाड़ होता है तो शिक्षा विभाग जवाबदार नहीं रहेगा। क्योंकि शिक्षा विभाग समय समय पर ऐसे अनधिकृत स्कूलों के प्रति सचेत करता रहता है। अतः अभिभावकों को अपने बच्चों के




भविष्य के प्रति सजग और सावधान रहकर शिक्षा विभाग का सहयोग करना चाहिए।

अवैध स्कूलों की सूची

1. अनिरुद्ध हाईस्कूल और जूनियर कॉलेज, कात्रप पनवेल हाइवे बदलापुर (पूर्व)
2. स्टार लाइट इंटरनेशनल स्कूल सोनीवली गांव बदलापुर (पश्चिम)
3. श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल सर्वे न 77 आर्यन 1 ठाणे कर शिरगांव बदलापुर (पूर्व)
4. नेसम इंग्लिश मीडियम स्कूल कुद सावरे गांव वांगनी (पश्चिम)
5. रुद्र इंटरनेशनल स्कूल दोन वांगनी (पश्चिम)
6. नवजीवन इंटरनेशनल स्कूल वांगनी (पश्चिम)

# बंगाल में हिंदुओं की प्रताड़ना का विरोध

### तिलहर में हिंदू युवा वाहिनी ने ममता बनर्जी का पुतला फूंका, राष्ट्रपति शासन की मांग

शाहजहांपुर, तिलहर नगर में हिंदू युवा वाहिनी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। नगर के मुख्य बाजार चौराहे पर वाहिनी के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता एकत्र हुए। कार्यकताओं ने नगर क्षेत्र में पुतले के साथ पदयात्रा निकाली। संजीव कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के साथ हो रही घटनाओं पर पुलिस प्रशासन और टीएमसी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने इसे मानवता के लिए शर्मनाक बताया। नगर अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर ममता बनर्जी की टिप्पणी की निंदा की।उन्होंने कहा कि एक भगवाधारी के लिए इस तरह की भाषा का प्रयोग सनातन धर्म पर प्रहार है। संजीव कुमार ने बंगाल में बढ़ती हिंसक घटनाओं के मद्देनजर राज्य में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।



# उल्हासनगर बिल्डर्स एंड डेवलपर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर भरत गंगोत्री निर्विरोध नियुक्त किए गए

### सचिव पद पर अमर जगयासी और कोषाध्यक्ष पद पर भगवान माखीजा नियुक्त।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. उल्हासनगर बिल्डर्स एंड डेवलपर्स एसोसिएशन के बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित चुनाव शुक्रवार 18 अप्रैल को संपन्न हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर भरत गंगोत्री राजवानी,सचिव पद पर अमर जगियासी और कोषाध्यक्ष पद पर भगवान माखीजा निर्विरोध नियुक्त किए गए।शहर के प्रतिष्ठित बिल्डरों ने मिलकर एसोसिएशन का गठन किया है जो शहर में रियल स्टेट और निर्माण उद्योग के क्षेत्र में कार्यरत लोगों के हितों का प्रतिनिधित्व करेगा और निर्माण क्षेत्रों के विकास के साथ साथ नियमों और विनियमों का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग लेते हुए कार्य करेगा।



एसोसिएशन के पदाधिकारी इस प्रकार हैं। भरत गंगोत्री (अध्यक्ष),अमर जगियासी (सचिव),भगवान माखीजा (कोषाध्यक्ष) सदस्यों के रूप में अनिल होतचंदानी,ब्रजेश नंदवानी,दिनेश लहरानी, गोपाल रोहरा, हरेश हरिसिंघानी, कमल डेंबा, कुमार वाधवा, राजेश जेमनानी, सुनील गुरदासानी, सुरेश थडानी कार्य करेंगे।

# कर्ज से परेशान किसान ने की आत्महत्या

### लाइसेंसी बंदूक से खुद को मारी गोली, कमरे में सो रही थी बेटी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना पुवायां क्षेत्र में एक किसान ने आत्महत्या कर ली। उमरसंडा गांव के 45 वर्षीय पवन कुमार वर्मा ने अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली। पवन ने कमरे में यह कदम उठाया, जहां उनकी बेटी भी सो रही थी। गोली की आवाज सुनकर बेटी और परिवार के अन्य सदस्य जाग गए। कमरे में देखा तो पवन का शव खून से लथपथ पड़ा था। मृतक के भाई अनुपम ने बताया कि पवन के पास लगभग आठ एकड़ जमीन थी। परिवार ने किसी पर नहीं लगाया आरोप उन्होंने 2011 में एक बैंक से 4-5 लाख रुपये का कर्ज लिया था। गांव के कुछ लोगों से भी उन्होंने पैसे उधार लिए थे।इसी कर्ज की वजह से वे डिप्रेशन में थे।पवन अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ गांव के मकान में रहते थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिवार से घटना की जानकारी जुटा रही है।परिवार ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# पुराने विवाद में युवक को मारी थी गोली

### हमला करने वाले तीन दोस्त गिरफ्तार, घायल का लखनऊ में चल रहा इलाज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना सदर बाजार क्षेत्र में एक युवक को उसके तीन दोस्तों ने गोली मार दी। घटना 17 अप्रैल की रात की है।पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अंटा मोहल्ले के रहने वाले नितिन की परचून की दुकान है। उसका मोहल्ले के ही रहने वाले अंकित और अमन से पुराना विवाद चल रहा था। 17 अप्रैल की रात दोनों का नितिन से फिर विवाद हुआ। आरोपियों ने अपने साथी राहुल को भी मौके पर बुला लिया। तीनों ने सड़क पर नितिन की लाठी-डंडों से पिटाई की। इसके बाद अंकित और अमन के कहने पर राहुल ने नितिन के पेट में गोली मार दी। घायल को परिजन अस्पताल ले गए।डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की। जांच में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया तमंचा भी बरामद हो गया।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लगातार होने वाले विवाद के कारण उन्होंने यह वारदात की।

# बकरी बचाने में बाइक से गिरी महिला की मौत

### बेटे के साथ नाती को देखने जा रही थी, दिल्ली रेफर करते समय मुरादाबाद में दम तोड़ा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, लखीमपुर की एक महिला की मौत शाहजहांपुर में सड़क हादसे में हो गई। थाना मोहम्मदी क्षेत्र के बौधी खुर्द गांव की 53 वर्षीय उर्मिला अपने बेटे इंद्रपाल के साथ बाइक से बीमार नाती को देखने जा रही थीं। थाना पुवायां के गोला रोड पर अचानक बाइक के सामने बकरी आ गई। बेटे ने बकरी को बचाने के लिए ब्रेक लगाया। इस दौरान पीछे बैठी उर्मिला सड़क पर गिर गई। घायल महिला को पहले सीएचसी ले जाया गया। वहां से उनको राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दिल्ली रेफर कर दिया।दिल्ली ले जाते समय मुरादाबाद के पास उर्मिला ने दम तोड़ दिया। परिजन शव को शाहजहांपुर लेकर आए।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।



# हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर बजरंग दल का प्रदर्शन

### जलालाबाद में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, राष्ट्रपति शासन की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद में राष्ट्रीय बजरंग दल ने पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन किया।शुक्रवार सुबह 11 बजे संगठन के कार्यकर्ता रोडवेज पर एकत्रित हुए। कार्यकताओं ने तहसील परिसर तक मार्च किया।

उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। तहसीलदार पैगाम हैदर को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण मांगें की गईं। इनमें पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की हत्या के दोषियों पर कार्रवाई शामिल है। राज्य में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई।बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से निकालने और अवैध मदरसों पर कार्रवाई की मांग भी की गई। कार्यक्रम में प्रांत मंत्री अर्पित भामाशाह, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हरिओम कौशल और बजरंग दल के जिला अध्यक्ष सुमित गुप्ता मौजूद थे।जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप, ब्लॉक उपाध्यक्ष किशन गोस्वामी और नगर महामंत्री पंकज गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



# स्वास्थ्य सुविधाओं की खस्ता हालत



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जलालाबाद, एसडीएम दुर्गेश यादव ने ग्राम खंडहर, डहार और कटियुली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई गंभीर खामियां सामने आईं।गौशाला के निरीक्षण में पाया गया कि 34 गोवंशों के लिए दाना-चोकर उपलब्ध नहीं था। एसडीएम ने गोपालक बीर पाल को गोवंशों के लिए तत्काल चारे की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।ग्राम डहार और कटियुली के आयुर्वेदिक अस्पतालों की स्थिति और भी चिंताजनक मिली। दोनों अस्पताल बंद थे और डॉ. पुष्पेंद्र पांडे व ऋतिक गुप्ता अनुपस्थित पाए गए। स्वच्छता व्यवस्था भी दयनीय स्थिति में थी।कम्युनिटी टॉयलेट जर्जर हालत में और गंदगी के कारण अनुपयोगी पाया गया। पूरे गांव की सफाई एक ही कर्मचारी के भरोसे चल रही थी। एसडीएम ने बीडीओ रवि कुमार सिंह को सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाकर तीन करने का निर्देश दिया।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# यूक्रेन पीस डील से बाहर हो सकता है अमेरिका

## 90 दिन बाद भी रूस-यूक्रेन में सहमति ना होने से नाराज; कहा- दोनों देश ठोस कदम उठाएं

एजेंसी

पेरिस, अमेरिका जल्द ही खुद को रूस-यूक्रेन पीस डील से बाहर कर सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में अगर रूस और यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं, तो अमेरिका शांति के प्रयास छोड़ देगा। डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए लगभग 90 दिन बीत चुके हैं। इस दौरान अमेरिका और रूस के बीच कई बार यूक्रेन जंग के समाधान पर बातचीत हो चुकी है। लेकिन ट्रम्प प्रशासन को शांति कायम करने में कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी है।



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने गुरुवार को पेरिस में यूरोपीय और यूक्रेनी नेताओं के साथ मुलाकात की थी। यह बैठक जंग को खत्म करने के लिए की जा रही ट्रम्प प्रशासन की कोशिश के तौर पर आयोजित किया गया। इस बैठक में अमेरिका ने शांति के लिए एक प्लान पेश किया।

> **रुबियो ने कहा कि अगर यूक्रेन जंग को खत्म करना संभव नहीं है, तो अमेरिका को अगले कुछ दिनों में अपनी कोशिशें छोड़ देनी चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए।**

अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक इस प्लान को सभी पक्षों ने सराहा है। हालांकि इस प्लान में क्या शामिल किया गया है, यह अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। बैठक के बाद रुबियो ने कहा कि वह ठोस समझौते के लिए पेरिस आए हैं। रूबियो ने कहा कि अगर दोनों पक्ष इतने दूर हैं कि समझौते की कोई संभावना नहीं है, तो राष्ट्रपति ट्रम्प जल्द यह कहेंगे कि बहुत हो गया। अमेरिका और यूकेन के बीच जल्द ही मिनरल डील या खनिज समझौता हो सकता है। गुरुवार रात को यूक्रेन की अर्थव्यवस्था मंत्री यूलिया स्विरीडेन्को ने बताया कि कीव और वॉशिंगटन के बीच डील को लेकर एक टडव पर दस्तखत हुए हैं। दरअसल अमेरिका ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ जंग में 350 बिलियन डॉलर के हथियार दिए हैं।

ट्रम्प प्रशासन ने इस मदद के बदले यूक्रेन से कीमती खनिज देने की मांग की है। इससे पहले 31 मार्च को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पर मिनरल डील से पलटने का आरोप लगाया था।

गौरतलब है कि फरवरी में जेलेंस्की और ट्रम्प के बीच सार्वजनिक बहस के चलते इस समझौते के पहले ड्राफ्ट पर हस्ताक्षर नहीं हो सके थे।

# ट्रम्प बोले- हम चीन से अच्छा सौदा करने जा रहे

## कोई भी हमसे मुकाबला नहीं कर सकता; दो दिन पहले चीन पर लगाया 245% टैरिफ

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि हम चीन के साथ बहुत अच्छा सौदा करने जा रहे हैं। जब ट्रम्प से पूछा गया कि क्या अमेरिका को इस बात से परेशान होना चाहिए कि उसके सहयोगी चीन के करीब आ रहे हैं, इस पर उन्होंने कहा- नहीं। बता दें कि अमेरिका ने दो दिन पहले ही चीन पर 245% टैरिफ लगाया था। ट्रम्प ने कहा कि कोई भी हमसे मुकाबला नहीं कर सकता। मुझे लगता है कि हम चीन के साथ बहुत अच्छा सौदा करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि चीन अमेरिका के साथ बैठक करने को तैयार है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि कल मेक्सिको के राष्ट्रपति के साथ बहुत ही अच्छी बातचीत हुई। इसी तरह, मैंने जापान के बिजनेस प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। चीन समेत हर देश हमसे मिलना चाहता है। चीन पर लगाया बोइंग सौदे से मुकरने का आरोप व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प का मानना है कि अमेरिका नहीं बल्कि चीन को बातचीत की टेबल पर आना है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने बीजिंग पर बोइंग के एक बड़े सौदे से मुकरने का आरोप लगाया था। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने ट्रम्प के हवाले से कहा कि गेंद चीन के पाले में है। चीन को हमारे साथ समझौता करने की जरूरत है। हमें उनके साथ समझौता करने की जरूरत नहीं है। चीन ने कहा था- अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर से नहीं डरते अमेरिका के 245% टैरिफ पर चीन ने कहा कि हम अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर करने से नहीं डरते। चीन ने दोबारा कहा कि अमेरिका को बातचीत करनी चाहिए। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि चीन को बातचीत की शुरूआत करनी होगी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अगर अमेरिका सच में डायलॉग और समझौते के जरिए मुद्दे को सुलझाना चाहता है, तो उसे बेमतलब का दबाव बनाना, डराना और ब्लैकमेल करना बंद करना चाहिए और चीन के साथ बराबरी, सम्मान और आपसी हित के आधार पर बात करनी चाहिए। लिन जियान ने पत्रकारों से कहा कि 245% अमेरिकी टैरिफ के तहत अलग-अलग टैक्स रेट क्या होगा, ये आप अमेरिका से ही पूछिए। ये टैरिफ वॉर अमेरिका ने शुरू किया है, हमने नहीं।

हम सिर्फ अमेरिका के एक्शन का जवाब दे रहे हैं।



# बांग्लादेश बोला- पाकिस्तान 1971 के नरसंहार पर माफी मांगे

## हमारा 52 हजार करोड़ टका बकाया भी दे, 15 साल बाद बांग्लादेश-पाक की बैठक

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच गुरुवार को 15 साल बाद विदेश सचिव स्तर की बातचीत हुई। इस दौरान बांग्लादेश ने कई अनसुलझे मुद्दे उठाए। बांग्लादेशी विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन ने पाकिस्तान से 1971 के अत्याचारों के लिए औपचारिक माफी की मांग की। बांग्लादेश ने कहा कि 1971 में जब दोनों देश एक ही थे, पाकिस्तान तब की संयुक्त संपत्ति से बांग्लादेश के हिस्से के 4.3 अरब डॉलर (36 हजार करोड़ रु. या 52 हजार करोड़ टका) का भुगतान करे। इसके साथ 1970 में आए चक्रवात के वक्त बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) की मदद के लिए मिले 200 मिलियन डॉलर (करीब 2400 करोड़ टका) का भी भुगतान करे। बांग्लादेश ने ढाका शिविरों में रह रहे 3 लाख से ज्यादा फंसे हुए पाकिस्तानियों की वापसी का भी मुद्दा उठाया। बांग्लादेश में इन्हें बिहारी कहा जाता है। ये मूल तौर पर उर्दू भाषी मुस्लिम प्रवासी हैं, जो 1947 में भारत के बंटवारे के बाद बिहार और उत्तर प्रदेश से पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) बस गए थे। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद, इन लोगों ने पश्चिम पाकिस्तान के लिए वफादारी दिखाई, जिसके कारण इन्हें बांग्लादेश में भेदभाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। इन्हें पाकिस्तान समर्थक मानकर बदला लिया गया। उनकी संपत्तियां जब्त कर ली गईं, और उन्हें हिंसा, बलात्कार, और हत्याओं का सामना करना पड़ा। तब भारतीय सेना और रेड क्रॉस ने उनकी सुरक्षा के लिए ढाका और बाकी जगहों पर कई अस्थायी राहत शिविर स्थापित किए। बांग्लादेश की आजादी के बाद से ही लाखों लोग राहत शिविरों में बुरे हालात में रह रहे हैं, और न तो पाकिस्तान ने इन्हें अपनाया है और, न ही बांग्लादेश ने इन्हें पूर्ण नागरिकता दी है। एक पत्रकार ने जशीम उद्दीन से पूछा कि क्या वर्तमान में ढाका का झुकाव पाकिस्तान की ओर है, जैसा पहले भारत की ओर था।

# इटली की पीएम मेलोनी से मिले डोनाल्ड ट्रम्प

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात की। दोनों के बीच अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के बीच संभावित टैरिफ डील को लेकर बातचीत हुई। ट्रम्प ने कहा कि 27 देशों वाले यूरोपीय संघ से ट्रेड डील 100% होगी, लेकिन इसकी उन्हें कोई जल्दी नहीं है। उन्होंने कहा कि हर कोई डील करना चाहता है, और जो डील नहीं करना चाहते हैं, तो उनके लिए डील हम करेंगे। इस मुलाकात में मेलोनी ने अपने और ट्रम्प के कंजर्वेटिव मूल्यों को हाईलाइट करते हुए कहा कि वे पश्चिम को फिर से महान बनाना चाहती हैं। मेलोनी ने ये भी कहा कि उन्हें भरोसा है कि जल्द ही कोई डील फाइनल होगी। मुलाकात के दौरान एक रिपोर्टर ने ट्रम्प से पूछा कि क्या उन्होंने कभी यूरोपीय लोगों को पैरासाइट कहा है? मेलोनी ने रिपोर्टर का सवाल ट्रम्प के सामने दोहराया। इसे लेकर ट्रम्प ने पत्रकार को जवाब दिया, 'मैंने ऐसा कभी नहीं कहा। मैं नहीं जानता कि आप किस बारे में बात कर रहे हैं।' इसके बाद मेलोनी ट्रम्प के बचाव में आगे आईं और उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने ऐसा नहीं कहा। मेलोनी यूरोप की पहली नेता हैं जिन्होंने अमेरिका की तरफ से यूरोपीय संघ पर 20% ट्रैरिफ का ऐलान होने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की है। हालांकि, ऐलान के कुछ समय बाद ही ट्रम्प ने इस शुल्क को 90 दिन के लिए रोक दिया था।

# कांग्रेस के इतिहास में एक नहीं, अनेक घोटाले :अनुराग ठाकुर



एजेंसी

भाजपा ने शुक्रवार को भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कांग्रेस नेताओं को चुनौती दी कि वे मामलों का त्वरित और समयबद्ध निपटारा करने की मांग करें। साथ ही, उसने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के पीछे राजनीति को कारण बताने के लिए पार्टी की आलोचना की। सत्तारूढ़ भाजपा ने गांधी परिवार के खिलाफ ईडी के आरोपपत्र के बाद विपक्षी पार्टी पर दबाव बनाए रखा और कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों पर साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के रूप में जनता का पैसा खर्च करने का आरोप लगाया, जिसे बहुत कम लोग पढ़ते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि नेशनल हेराल्ड का नाम सुनते ही आज कांग्रेस पार्टी के पूरे इकोसिस्टम में छटपटाहट, कपकपाहट, धड़धड़ाहड, डगमगाहट, लड़खड़ाहट होने लगती है। ऐसे सनसनी होने लाजमी भी है, क्योंकि चोरी करते हुए फिर से पकड़े जो गए हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद आज तक अगर आप कांग्रेस का इतिहास देखेंगे तो एक नहीं बल्कि अनेक घोटाले सामने आए हैं। लेकिन ये (नेशनल हेराल्ड) अपने आप में एक ऐसा मॉडल है, जो किसी के गले नहीं उतर रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अखबार को अपने एटीएम के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने दावा किया कि गांधी परिवार ने अपनी जेब से एक पैसा भी निवेश किए बिना नेशनल हेराल्ड की 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति हासिल करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यंग इंडियन कंपनी में दोनों गांधी परिवार के पास 76 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसे कांग्रेस ने 50 लाख रुपये का कर्ज दिया था। उन्होंने कहा कि यंग इंडियन ने मात्र 50 लाख रुपये में 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की। कांग्रेस पार्टी ने शेष राशि माफ कर दी। सबसे पहला सवाल यह उठता है कि क्या कांग्रेस पार्टी के पास ऋण देने का अधिकार भी है? दूसरा सवाल यह है कि क्या वे इस पर कोई ब्याज कमा रहे थे? आमतौर पर अखबार कागज पर छपते हैं

**पश्चमि रेलवे**

कचरा बीनना और मलवा, घास हटाना

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चमि रेलवे, छठी मंजलि, इंजीनयिरिंग वभिाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008, ई-निविदा आमंत्रति करता है सूचना संख्याः बीसीटी/25-26/18, दिनांक 16 04 2025। **कार्य और स्थानः** वरिार - जोरावासन खंडः सीनयिर डीईएन/उत्तर के अधकिार क्षेत्र में दो वर्ष के लिए मलबा, घास आदि बीनना और हटाना। कार्य की लगभग लागतः 77,93,577 48। ईएमडीः 1,55,900/- **जमा करने की तिथि और समयः** 13 05 2025, 15ः00 बजे तक। खुलने की तिथि और समय13 05 2025 को 15ः30 बजे । अधकि जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www ireps gov in पर जाएं **0060**

facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

सिग्नलिंग कार्य

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (दक्षिण), द्वितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 **ई-निविदा क्रमांक** SG_217_2_309_1_WA, **दिनांकः** 16.04.2025 आमंत्रित करता है। कार्य एवं स्थानः मुंबई मंडल के चर्चगेट विरार सेक्शन में मानसून की तैयारियों से संबंधित अर्थिंग, बॉन्डिंग, सर्ज और लाइटनिंग प्रोटेक्शन सिस्टम और अन्य विविध कार्यों सहित मौजूदा सिग्नलिंग प्रतिष्ठानों की आपूर्ति, स्थापना, पुनर्वास, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागतः** 2,42,97,491.92। **ईएमडीः** 2,71,500/-। **जमा करने की तिथि और समयः** 08.05.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 08.05.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। **0058**

facebook.com/WesternRly

**पश्चिमी रेलवे**

विभिन्न कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग। विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – ४०००0८, **क्रमांक संख्याः १. ई–निविदा सूचना संख्याः** बीसीटी/२५–२६/१६, **दिनांकः** १६.०४.२०२५ आमंत्रित करता है। कार्य और स्थानः चर्चगेट विरार अनुभागः मुंबई डिवीजन के विभिन्न उपनगरीय खंडों में मानसून २०२५ के दौरान जल निकासी। लगभग। **कार्य की लागतः** १,२४,८८,६४०/–. ईएमडीः २,१२,५००/–. **क्रम संख्याः २. ई–निविदा सूचना संख्याः** बीसीटी/२५– २६/१७, **दिनांकः** १६.०४.२०२५। कार्य और स्थानः महालक्ष्मी – महालक्ष्मी पश्चिम में नए ट्रैक्शन क्यूबिकल के निर्माण द्वारा असुरक्षित ट्रैक्शन क्यूबिकल का प्रतिस्थापन (संयुक्त कार्य)। कार्य की **अनुमानित लागतः** ८२,०४,०२६.६०। ईएमडीः १,६४,१००/–। दोनों निविदाएँ प्रस्तुत **करने की तिथि और समयः** १३.०५.२०२५, १५:०० बजे तक। दोनों निविदाएँ खोलने की तिथि और समयः १३.०५.२०२५ को १५:३० बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। **0055**

facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद डिवीजन**

**दो लेन रोड ओवर ब्रिज का निर्माण**

**ई-निविदा सूचना सं : CPM/GS/ADI/ ROB-27/25-26/01 ई-निविदा संख्या :** CPM/GS/ADI/ROB-27/25-26/01 भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता (गति शक्ति), पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है। **(1) कार्य का नाम और स्थान :** पश्चिम रेलवे के गति शक्ति यूनिट के अंतर्गत अहमदाबाद मंडल के अहमदाबाद-वीरमगाम सेक्शन पर छारोड़ी और वासन इयावा के बीच रेलवे किमी 530/9-11 पर एल.सी. संख्या 27 के स्थान पर 1x 51 मीटर कम्पोजिट स्टील गर्डर सहित दो लेन रोड ओवर ब्रिज का निर्माण, जिसमें वायडक्ट और RE दीवारें शामिल हैं। **(2) कार्य की अनुमानित लागत :** ₹44,86,81,266.16 **(3) जमा की जाने वाली बयाना राशि :** ₹23,93,400 /- **(4) निविदा फॉर्म शुल्क :** शून्य **(5) कार्य पूरा होने की अवधि :** मानसून सहित 18 (अठारह) महीने। **(6) ई-टेंडर की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक : 22.05.2025 समय: 15:00 बजे **(7) वेबसाइट विवरण नोटिस और बोर्ड स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता :** मुख्य परियोजना प्रबंधक / गति शक्ति का कार्यालय, "ए" विंग, चौथी मंजिल, निर्माण भवन, डीआरएम कार्यालय के पास, पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद -382345 **वेबसाइट :** www.ireps.gov.in **017**

हमे लाइक कीजिए : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो कीजिए : twittter.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**रुचि की अभिव्यक्ति का विज्ञापन**

**विषयः आर नॉर्थ वार्ड में सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत श्रेणी 'डी' में बहुउद्देशीय कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों को स्वैच्छिक संगठन के माध्यम से अनुबंध के आधार पर भरने के संबंध में।**

आर/उत्तर वार्ड में सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत डिस्पेंसरी, कार्यालय और श्मशान में स्वैच्छिक संगठनों (बचत समूहों को छोड़कर) के माध्यम से अनुबंध के आधार पर डी" श्रेणी के रिक्त पदों को भरने के लिए, केवल वे संगठन ही आवेदन करें जिनके पास बृहन्मुंबई महानगरपालिका डिस्पेंसरी, बृहन्मुंबई महानगरपालिका कार्यालय और बृहन्मुंबई महानगरपालिका श्मशान में अनुबंध के आधार पर बहुउद्देशीय कर्मचारी उपलब्ध कराने का एक वर्ष का अनुभव हो।

इच्छुक संगठनों में भविष्य निधि राज्य एवं कर्मचारी बीमा योजना में पंजीकृत श्रमिक सहकारी समितियां, सेवा सहकारी समितियां, बेरोजगार सेवा सहकारी समितियां, गैर सरकारी संगठन (इन सभी संगठनों की स्थापना का उद्देश्य अपने सदस्यों को रोजगार उपलब्ध कराना होना चाहिए) आदि शामिल हैं। हम संगठनों से उनकी पात्रता सूची तैयार करने और लॉटरी के माध्यम से उनका चयन करने के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं।

आवेदन पत्र आर उत्तर वार्ड में लोक स्वास्थ्य विभाग कार्यालय से **19–04–2025 को समय 10,30 से 25–04–205 को समय 4,30 बजे** तक प्राप्त किया जा सकता है।

इच्छुक संगठनों को अधिक जानकारी, आवेदन पत्र और शपथ पत्र के लिए आर नॉर्थ वार्ड स्थित लोक स्वास्थ्य विभाग कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

**संगठन के आवेदन की अंतिम तिथि** 25–04–2025 को 4.30 **बजे** है। निर्दिष्ट कार्यालय समय के बाद प्रस्तुत किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

पीआरओ/164/विज्ञा0/2025-26

**हस्ताक्षर**
**स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी,**
**आर/एन वार्ड**

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं

**पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल राजकोट के बीच सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेन का संचालन**

| ट्रेन सं. | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियाँ | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09005 | मुंबई सेंट्रल - राजकोट (त्रि-साप्ताहिक विशेष) | 21.04.2025 to 28.05.2025 | 23:20 बजे (सोम, बुध और शुक्र) | 11:45 बजे (अगले दिन) |
| 09006 | राजकोट - मुंबई सेंट्रल (त्रि-साप्ताहिक विशेष) | 22.04.2025 to 29.05.2025 | 18:30 बजे (मंगलवार, गुरुवार और शनिवार) | 07:30 बजे (अगले दिन) |

हाल्टः दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद, वीरमगाम, सुरेंद्रनगर और वांकानेर स्टेशन।

संरचनाः प्रथम एसी, एसी 2-टियर और एसी 3-टियर कोच।

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 09005 और 09006 के लिए ई-बुकिंग 19.04.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और ध्ंिऊण वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी

wr.indianrailways.gov.in
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008।

कार्य - मुम्बई मंडल पर विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन।

| नीलामी सूची क्रमांक. | नीलामी शुरू ( सभी लॉट ) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-5 | 05.05.2025 15:00:00 |

| क्र | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-CCG-OH-394-25-1(घर से बाहर विज्ञापन) | चर्चगेट स्टेशन पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक विज्ञापन अधिकार, प्लेटफार्म नंबर 1 पिलर दीवारों के पश्चिम की ओर, सड़क की ओर मुख करके | 730 | 05.05.2025 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-BVI-OH-365-25-1(घर से बाहर विज्ञापन) | बोरीवली स्टेशन पश्चिम में एसएसई (पी.वे)-बीवीआई के परिसर में पश्चिम की ओर मुख करके तथा गांजावाला लेन से आने वाले यातायात के लिए 20' x 20' (1) =400 वर्ग फीट आकार की नई होर्डिंग संरचना का निर्माण करके विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए 07 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 2557 | 05.05.2025 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-NIG-OH-366-25-1\|(घर से बाहर विज्ञापन) | नायगांव आरओबी पर नए होर्डिंग संरचनाओं के निर्माण द्वारा विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए थोक विज्ञापन अधिकार - 20' x 20' आकार के 02 होर्डिंग ढांचे (2) वी-आकार कुल क्षेत्रफल 1600 वर्ग फुट 07 वर्ष की अवधि के लिए। | 2557 | 05.05.2025 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-BVI-OH-364-25-2 (घर से बाहर विज्ञापन) | बोरीवली स्टेशन के उत्तर पूर्व परिसंचारी क्षेत्र में नए होर्डिंग ढांचे के निर्माण द्वारा विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए थोक विज्ञापन अधिकार, दक्षिण की ओर मौजूदा होर्डिंग संरचना के पूर्व की ओर 30' x 30' (1) = 900 वर्ग फीट का आकार 07 वर्ष की अवधि के लिए | 2557 | 05.05.2025 16:00:00 |
| 5 | ADVT-EBW-S1-15EMU12c-25-1 (विज्ञापन ट्रेन बाहरी (खिड़की के नीचे) | पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल में 15 ईएमयू (प्रत्येक ईएमयू में 12 कोच हैं) की बाहरी दीवार की सतह (खिड़की के नीचे) पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से 5 वर्ष की अवधि के लिए विज्ञापन प्रदर्शित करना। | 1826 | 05.05.2025 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-BSR-OSN-405-25-2 विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल) | वसई स्टेशन के थोक विज्ञापन अधिकार 3 वर्ष की अवधि के लिए।) | 1096 | 05.05.2025 16:20:00 |
| 7 | ADVT-BCT-ADH-OSN-393-\|24-1 विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल) | अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज और सीढ़ी लैंडिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 05.05.2025 16:30:00 |
| 8 | ADVT-BCT-ADH-OSN-401-\|25-1 विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल) | पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर लिफ्टों पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 05.05.2025 16:40:00 |

| नीलामी सूची क्रमांक. | नीलामी शुरू ( सभी लॉट ) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-5 | 06.05.2025 14:00:00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-VAPI-PrKiosk-51-25-1 विविध-स्थैतिक-सेवाएं प्रचार कियोस्क | 3 वर्ष की अवधि के लिए वीएपीआई स्टेशन पर प्रचार कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई-नीलामी। | 1096 | 06.05.2025 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT -BL-PrKiosk-49-25-1 विविध-स्थैतिक-सेवाएं प्रचार कियोस्क | 3 वर्ष की अवधि के लिए वलसाड (बीएल) स्टेशन पर प्रचार कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई-नीलामी। | 1096 | 06.05.2025 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-VAPI-PrKiosk-51-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएँ) | 5 वर्ष की अवधि के लिए नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के माध्यम से चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना। | 1826 | 06.05.2025 14:50:00 |

नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण वहाँ उल्लिखित सूची के अंतर्गत उपलब्ध है। **0059**

facebook.com/WesternRly • X.com/WesternRly

